हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 14.4 डिग्री



अशोकनगर वार्ड 64 की सड़क बनी नहीं, बीच सड़क पर कर दिया बोर

## खबर संक्षेप

### कहने को स्मार्ट रोड और.. केबल नाली में



**बिलासपुर।** व्यापार विहार से आगे रेल्वे स्टेशन को जाने वाली सड़क स्मार्ट रोड के नाम से तैयार की गई है। स्मार्ट रोड में सड़क की चौड़ाई, गुणवत्ता एवं फुटपाथ के अलावा इलेक्ट्रिक व्यवस्था भी स्मार्ट तरीके की ही की जानी थी। इसके विपरीत बिजली के केबल अंडरग्राऊंड करने के बजाए खुली नाली में ही डाल दिए गए हैं। खुले चेंबरों के ऊपर आधे केबल नालियों के भीतर डूबकर वापस ऊपर आए हैं और सड़कों पर लटकते हुए खंबे से जोड़े गए हैं। यह लगातार आवाजाही वाला व्यस्त मार्ग है, जिसमें केबलों में न केवल पैदल चलने वाले, बल्कि वाहनचालकों के भी दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है।

### 300 से अधिक ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, बढ़ेगी क्षमता

**बिलासपुर।** पॉवर कंपनी का एकमात्र ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट तिफरा में मौजूद है। जहां खराब व बंद ट्रांसफार्मरों की गहन जांच के बाद 9 माह में 300 से अधिक ट्रांसफार्मर को सुधारा जा रहा है। कंपनी द्वारा अब इसकी क्षमता बढ़ाकर अब हर माह 500 ट्रांसफार्मर सुधारने का लक्ष्य रखा गया है। एसटीएम डिविजन के अंतर्गत संचालित स्माल ट्रांसफार्मर को बिलासपुर स्थित रिपेयरिंग यूनिट में सुधारा जाता है। 9 माह के भीतर 360 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर और 38 करंट ट्रांसफार्मर यानी सीटी सुधारे गए है। ट्रांसफार्मर की जांच एवं मानक गुणवत्ता के अनुरूप सुधार कार्य कर उन्हें पुनः उर्जीकृत किया गया है। अब यूनिट की क्षमता बढ़ाकर 500 से अधिक ट्रांसफार्मर को सुधार कर उर्जीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्ट ने कहा कि यूनिट से न आर्थिक बचत हो रही है, वहीं ट्रांसफार्मरों की त्वरित आपूर्ति में होने वाली बाधा भी दूर हो चुकी है।

### धूप में तेजी नहीं, ठंड में मामूली बढ़त



**बिलासपर।** सूरज की चमक फीकी हो चुकी है, रविवार को भी आसमान पर बदली छाई रही, इस दौरान ठंड में मामूली बढ़त देखी गई है। न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री दर्ज किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती असर देखने को मिल रहा है। द्रोणिका बनने के बाद मौसम में हल्का बदलाव हो चुका है और आसमान पर बादल छाने लगे है। रविवार को भी सुबह से ही सूरज की तपीस काफी धीमी रही, मौसम सुहाना होने के कारण लोगों ने आउटिंग का प्लान बनाया और जिले के कई पिकनिक स्पॉट पर सैर सपाटा किया गया। इस दौरान हवाओं की रफ्तार थी, जिसके चलते लोगों को ठंड का एहसास होता रहा, हालांकि ठंड के दिनों के हिसाब से न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# 9540 स्कूल डी ग्रेड में, कक्षा एक से तीन तक के यह 20 लाख बच्चे न गिनती जानते हैं और न ही उन्हें अक्षर ज्ञान

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में 17.76% स्कूल डी ग्रेड वाले हैं। कक्षा एक से तीन तक के यह बच्चे न गिनती जानते हैं और न ही उन्हें अक्षर ज्ञान है। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत राज्य के 56,895 सरकारी स्कूलों के सोशल ऑडिट में सामने आई है। ऑडिट में 9540 स्कूलों को डी ग्रेड मिला। जबकि ए ग्रेड स्कूल 16,785 हैं। ध्यान रहे कि ऑडिट के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई-हायर सेकंडरी स्तर पर प्रश्नावली तैयार करने और प्रशिक्षण देने का काम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने किया। समग्र शिक्षा विभाग इसमें नोडल एजेंसी थी। कुल मिलाकर 47 हजार 355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में शामिल रहे।

ध्यान रहे कि यह ऑडिट 6 से 8 अक्टूबर 2025 के बीच हुआ था। अब ग्रेड में सुधार के लिए अधिकारियों की टीम बनाई गई है। अधिकारियों के मुताबिक इसका उद्देश्य शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करना था। स्कूलों का मौजूद आधारभूत सुविधाओं, छात्र उपलब्धियों और शिक्षकों की उपस्थिति समेत कई बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया। ऑडिट के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और हाई हायर सेकंडरी स्तर पर प्रश्नावली तैयार की गई। ऑडिट के बाद स्कूलों को ग्रेडिंग दी गई। 47,355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में रहे।

अलग खबर

### गुणवत्ता की जांच की जाएगी

स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना शुरू की है। योजना के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों का चयन करेंगे और साल में कम से कम दो बार स्कूल का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान पढ़ाई की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर और बुनियादी सुविधाओं की जांच की जाएगी।

- **आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग



- पढ़ाई का रिपोर्ट कार्ड जारी, राज्य के 17 .7% स्कूल डी-ग्रेड में पाए गए
- कुल मिलाकर 47 हजार 355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में शामिल किए

### 20 प्रश्नों के आधार पर मूल्यांकन

हर स्कूल में एक सामाजिक अंकेक्षण दल का गठन किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय प्रतिनिधि व अनुभवी समुदाय के सदस्य शामिल थे। विकासखंड स्तर पर संकलित प्रपत्रों को डेटा एंट्री के लिए चयनित 5 शिक्षकों की टीम ने पोर्टल में अपलोड किया। स्कूल में उपलब्धता की आधार पर टीमों ने 20 बिंदुओं में सोशल ऑडिट किया। कुल 20 प्रश्नों पर जानकारी एकत्र की गई। इनमें बच्चों की पठन क्षमता, गणितीय कौशल, शिक्षकों की उपस्थिति, पुस्तकालय उपयोग, परीक्षा परिणाम, स्थानीय भाषा के उपयोग जैसे पहलू शामिल थे। इसी के आधार पर स्थिति का विश्लेषण किया गया।

### डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना

सोशल ऑडिट के दौरान यह भी चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि कई डी-ग्रेड स्कूलों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को न तो गिनती आती है और न ही अक्षरों की पहचान है। इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर स्थिति माना गया है। इसी स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना शुरू की है। योजना के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों का चयन करेंगे और साल में कम से कम दो बार स्कूल का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान पढ़ाई की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर और बुनियादी सुविधाओं की जांच की जाएगी।

### निगरानी के लिए विशेष ऐप भी बनाया

डी-ग्रेड स्कूलों के निरीक्षण और निगरानी के लिए एक विशेष ऐप भी बनाया गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से डी-ग्रेड स्कूलों में तेजी से सुधार होगा और बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। हालांकि अब यह देखना होगा कि यह योजना कागजों तक सीमित रहती है या वाकई स्कूलों की सूरत बदल पाती है। अभियान के तहत सभी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण हो चुका है और इसके माध्यम से ऐसी शालाओं का चिह्नांकन किया गया है, जिनमें सुधार के लिए अभियान चलाया जाएगा।

## वन विभाग ने दैवेभो पर कार्रवाई कर की खानापूर्ति

# एटीआर कोर जोन के दो रास्ते..एक ओर सुरक्षा और दूसरी ओर केवल चौकीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों की सुरक्षा कोई व्यवस्था नहीं की गई है, प्रबंधन इसमें पूरी तरह से फेल हो चुका है। एटीआर के एक ओर यानि शिवतराई से अचानकमार से कोर जोन जाने वाले बेरियर में सीसी कैमरे के अलावा सुरक्षा के अन्य प्रबंध किए गए हैं, लेकिन लोरमी होकर जाकड़बांध से सुरही के रास्ते में न तो बेरियर है और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके कारण ही आरोपियों ने यहां से गाड़ी अंदर ले जाकर अंदर फायरिंग की और वन्यप्राणियों को नुकसान भी पहुंचाया। वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने रेंजर, डिप्टी रेंजर व अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को सस्पेंड कर खानापूर्ति कर दी है।

प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व अचानकमार टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से बेकार हो चुकी है। यहां कभी भी कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह से अंदर प्रवेश करते हुए हरे-भरे वृक्षों की अवैध कटाई करने के साथ वन्यप्राणियों का शिकार कर सकता है, इसकी जानकारी होने के बावजूद यहां के आला अफसर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर पाते। अचानकमार टाइगर रिजर्व में भ्रमण करने के लिए केवल एक कोर जोन हैं, जहां मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के अलावा टाइगर की संख्या भी अब बढ़ने लगी है। टाइगर रिजर्व होने के कारण एटीआर प्रबंधन को केन्द्र से भी अच्छा खासा बजट मिल जाता है, ताकि यहां की सुरक्षा व्यवस्था अच्छे तरीके से की जा सके। बजट की राशि मिलने के बाद भी अफसर इस ओर कोई ध्यान नहीं देना चाहते हैं। एटीआर के नियमानुसार कोर जोन का रास्ता साल के चार माह यानि बारिश के मौसम में बंद करने के बाद 8 माह ओपन रहता है, जहां भ्रमण करने के लिए किसी भी सैलानी को प्रायवेट गाड़ी ले जाने की कोई भी अनुमति नहीं दी जाती है। सैलानी शिवतराई पहुंचने के बाद बेरियर में अपने गाड़ियों की एंट्री कराकर समिति की ओर से संचालित जिप्सी की सुविधा लेते हैं। इससे जिप्सी संचालकों की भी अच्छी खासी कमाई हों जाती है। बेरियर पार करने के लिए जिप्सी चालकों और समिति के सदस्यों को एटीआर के अधिकारी कर्मचारी भी पहचानते हैं। इन सबके बावजूद कोर जोन के अंदर बिना किसी अनुमति और जांच के प्रवेश करने के बाद कुछ युवकों ने एयरगन से फायरिंग करते हुए वन्यप्राणियों को नुकसान पहुंचाया, इसके साथ ही रील बनाकर सोशल मीडिया में भी वायरल कर दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद ही युवकों के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम के तहत एटीआर प्रबंधन ने कार्रवाई की।



एटीआर के कोर जोन में हथियार लहराकर अंधाधुंध फायरिंग, तीन गिरफ्तार

वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया एटीआर प्रबंधन

पकड़े गए हैं आरोपी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।





### दैवेभो को बनाया बलि का बकरा

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन के अंदर प्रवेश करने के लिए लोरमी से खुड़िया बांध होते हुए जाकड़बांध से सुरही तक पहुंचने के लिए युवकों को बेरियर गार्ड ने रोकने कोशिश की, लेकिन तीनों युवक बेरियर गार्ड को चकमा देकर अंदर घुस गए। यहां का बेरियर गार्ड एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है, जिसे माह का केवल 10 हजार रुपए वेतन दिया जाता है। युवकों के अंदर प्रवेश और फायरिंग करने के आरोप में प्रबंधन ने बेरियर गार्ड को हटा दिया और खानापूर्ति के लिए परिक्षेत्र अधिकारी को नोटिस थमा दिया।

### सोशल मीडिया बना सहारा

सोशल मीडिया में अगर युवकों ने अपनी गाड़ी, एयरगन और फायरिंग की रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल नहीं किया होता, तो एटीआर प्रबंधन और सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को इसकी जानकारी भी नहीं हो पाती। सोशल मीडिया में देखकर एटीआर प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद इसके ही सहारे प्रबंधन ने अपनी टीम को युवकों के खिलाफ जांच करने और अग्रिम कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### जाकड़बांध से घुसे थे युवक

अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित कोर जोन से लगे क्षेत्र में अंदर जाने का एक रास्ता शिवतराई और दूसरा रास्ता जाकड़बांध से सुरही का है, जो खुड़िया नाला से सीधे निकलता है। यहां किसी तरह की कोई भी जांच नहीं होती। इसका फायदा उठाकर आरोपी अजीत वैष्णव, अनिकेत और विक्रांत वैष्णव ने अंदर प्रवेश किया और हथियार लहराकर फायरिंग की। वन विभाग ने सोशल मीडिया से जानकारी होने के बाद पुलिस के सहयोग से आरोपियों को पकड़कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत अपराध दर्ज कर 14 दिन के रिमांड पर जेल भेज दिया।

### की जाएगी सबकी जांच


बेरियर गार्ड सहित एटीआर के ज्यादातर कर्मचारियों में बीट गार्ड भी दैवेभो हैं। बीट गार्ड की एटीआर में कमी है, जिसके कारण उन्हें सुरक्षा के लिए रखा गया है। सोशल मीडिया में जानकारी मिलने के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई है। जाकड़बांध के पास बेरियर नहीं है और न ही वहां किसी की जांच होती है। इस घटना के बाद प्रबंधन ने सभी ओर सुरक्षा व्यवस्था तेज करने के अलावा अंदर प्रवेश करने वाले लोगों के सामानों की जांच करने का निर्णय लिया है।

- **अभिषेक कुमार,** डायरेक्टर वाइल्ड लाइफ एटीआर



## सिलपहरी के प्लास्टिक गोदाम में आग, हड़कंप

**बिलासपुर।** सिलपहरी के प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। 4 घण्टे की मशक्कत के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। गोदाम में रखे प्लास्टिक के सामान जलकर राख हो गए हैं। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी लखन राही का सिलपहरी में प्लास्टिक गोदाम है। रविवार को शाम लगभग 4.30 बजे गोदाम में आग लग गई। प्लास्टिक का सामान भरे होने से आग ने भीषण रूप से लिया, जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। टीम दमकल के पानी से आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। 4 घण्टे की मशक्कत पर 4 दमकल पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से गोदाम में रखा प्लास्टिक का सामान जलकर राख हो गया है।



# शराब पीकर स्कूल पहुंचता था हेडमास्टर शिक्षिका बनाती थी वीडियो, दोनों निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

काम में लापरवाही, साथी शिक्षकों से दुर्व्यवहार और स्कूल में शराब पीकर आने के मामले में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षिका और प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है। दोनों शिक्षकों को मुख्यालय अटैच करते हुए विभागीय जांच भी कराई जाएगी। मामले में शिक्षा विभाग ने प्रधान पाठक प्रताप सत्यार्थी के खिलाफ दीर्घ शास्ति और शिक्षिका श्रीमती सुपर्णा टेंगवार एवं श्रीमती स्नेहलता भारद्वाज (सहायक शिक्षक) के विरुद्ध लघु शास्ति की अनुशंसा भी की गई है।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक शासकीय प्राथमिक शाला मटियारी में पदस्थ प्रधान पाठक प्रताप सत्यार्थी शाला समय में शराब पीकर आते थे। साथ ही दूसरे शिक्षकों से दुर्व्यवहार करने एवं देरी से शाला आने और जल्दी चले जाने की भी लगातार शिकायत शिक्षा विभाग को मिल रही थी। शिकायत की जांच विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा के द्वारा की गई। जांच में घटना की पुष्टि होना पाया गया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने प्रताप सत्यार्थी, प्रधान पाठक (एल.बी.) को शिक्षिकीय गरिमा के प्रतिकूल एवं छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 विपरीत होना पाया और तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### वेतनवृध्दि भी रोकी गई

- काम में लापरवाही साथी शिक्षकों से दुर्व्यवहार के मामले में कार्रवाई

### उपस्थिति पंजी में काट-छांट की

इसी स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक सुपर्णा टेंगवार के शाला में संधारित पाठकान के पेज चिपकाना, पाठकान उपस्थिति पंजी में कांट छांट करना की शिकायत का सही पाया गया है। इसके साथ ही विद्यार्थियो के माध्यम से अन्य शिक्षिकों का विडियो बनावाना एवं अन्य शिक्षकों के प्रति अपशब्द बोलने की रिकॉर्डिंग सुनवाना जांच प्रतिवेदन में सही पाया गया हैं। शिक्षा विभाग ने श सुपर्णा टेंगवार सहायक शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया है।

## बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर चार सालों से लंबित जमीन का मामला

# एयरपोर्ट को जल्द मिलेगी 290 एकड़ जमीन, शासन ने दिए 50 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर चार सालों से लंबित जमीन का मामला अब सुलझने के करीब पहुंच चुका है। एयरपोर्ट के लिए 290 एकड़ अतिरिक्त भूमि के बदले 50.64 करोड़ रूपए केन्द्र सरकार के खाते में जमा कर दिया है। जमीन मिलने के बाद एयरपोर्ट में 4सी श्रेणी के टर्मिनल बिल्डिंग सहित अन्य निर्माण कार्य संभव हो सकेगा।

सेना के कब्जे की 290 एकड़ जमीन बिलासा एयरपोर्ट को मिलने का रास्ता साफ हो गया है। केन्द्र को 50 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफार की गई है। खास बात यह है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार में डबल इंजन की सरकार होने का फायदा मिला है,समन्वय और सकारात्मक सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। भूमि मिलने के बाद रनवे और टर्मिनल विस्तार होगा, जिससे बोइंग जैसे एयरक्राप्ट बिलासा एयरपोर्ट पर आ सकेंगे। नाइट लैंडिंग सुविधा की प्री-कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और डीजीसीए से स्वीकृति के बाद फरवरी–मार्च रात्रीकालीन उड़ान संचालन संभव हो सकेगा। एयरपोर्ट के उन्नयन से यात्री सुविधाओं को बेहतर किया जा सकेगा और व्यापार, उद्योग, निवेश और पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।




### रनवे का छोटा होना सबसे बड़ी बाधा

रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना पहले ही उक्त जमीन पर एयरपोर्ट के काम के लिए अपनी सहमति दे चुकी है वहीं अब उसके बदले में उनके द्वारा चाही गई 50 करोड़ रुपए की राशि भी राज्य सरकार ने दे दी है। 4सी श्रेणी उन्नयन में कोई भी बाधा नहीं है। महानगरों तक सीधी उड़ान के सपने में सबसे बड़ी बाधा एयरपोर्ट का रनवे छोटा होना है। रनवे की लंबाई केवल 1500 मीटर है, एटीआर 72 विमान ही संचालित हो सकते हैं। देश भर में 100 विमान ही ऐसे हैं जिसे बिलासा एयरपोर्ट पर उतारा जा सकता है। बड़े विमान जैसे कि बोइंग और एयरबस, अंब्रेला जेट के लिए 2000 मीटर से बड़े रनवे की आवश्यकता होती है।



### बड़ी सौगात, एयरपोर्ट विस्तार का रास्ता हुआ साफ

बिलासपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। एयरपोर्ट विस्तार के लिए सालों से संघर्ष जारी है। जनसंघर्ष समिति की भूमिका सराहनीय रही है। सालों की तपस्या और निरंतर प्रयासों के बाद क्षेत्रवासियों को सौगात मिली है। बिलासपुर भविष्य में रीजनल एविएशन हब के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

### रनवे का हो तत्काल निर्माण

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि 2200 मीटर लंबाई और 45 मीटर चौड़ाई का रनवे बिलासपुर में तैयार करने के लिए लगभग 70 करोड़ रुपए की जरूरत है। एयरपोर्ट के लिए 100 करोड़ का आवंटित राशि एयरपोर्ट के पास है। रनवे विस्तार का काम तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। बाउंड्रीवाल महज 5 से 6 करोड रुपए में पूरा किया जा सकता है। ऐसे में तत्काल निर्माण कार्य शुरू किया जाना चाहिए।

### महाधरना में शामिल थे सदस्य

समिति का महाधरना रविवार को जारी रहा, इस दौरान रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, समीर अहमद, रामशरण यादव,देवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे टाटा, आशुतोष शर्मा, मनोज तिवारी, अमर बजाज, भैय्यू सिंह गौतम, दिलीप पाटिल, रघु साहू, संदीप बाजपेई, शेख अल्फाज, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे ।

## खबर संक्षेप

### रूद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण आज से



**तखतपुर।** श्री शिव शक्ति रूद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण का आयोजन 5 से 12 जनवरी तक चनाडोंगरी में किया गया है। जिसमें कथा व्यास जयेश्वरी देवी, यज्ञकर्ता कृष्णानंद जी एवं यज्ञाचार्य राजेश दुबे है।

### बामपारा में अखंड नवधा रामायण आज से



**मुंगेली।** ग्राम बैकुंठधाम बामपारा में अखंड नवधा रामायण एवं मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन 5 जनवरी से प्रारंभ होकर 14 जनवरी को हवन पूजन सहस्त्र धारा के साथ समापन एवं सायं 3 बजे से मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आचार्य पंडित गुणेश्वर प्रसाद शर्मा, मुख्य यजमान गोकुल यादव, सूडन यादव को बनाया गया है। उक्त जानकारी पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू ने दी।

### ग्रामीण की लाश पेड़ पर लटकती मिली

**लोरमी।** बुजुर्ग की लाश अपने घर के आंगन स्थित पेड़ फांसी के फंदे पर लटकती मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गयी है। लालपुर पुलिस से के अनुसार 4 जनवरी को सुबह 8 बजे सूचक नरेश पाटले 49 वर्ष पिता स्व धजाराम पाटले निवासी ग्राम शीतलपुर ( सूखाताल) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि कृष्णा पाटले 63 वर्ष पिता स्व. धजाराम पाटले 3 जनवरी के दरम्यानी रात घर के आंगन में के पेड़ पर गमछा से फाँसी लगा हुआ लटक रहा है,पुलिस रविवार को तत्काल घटना स्थल पहुंचकर मृतक का शव को फांसी के फंदे से नीचे उताकर पंचनामा कर पीएम के लिए रवाना किया। पुलिस ने परिजन के रिपोर्ट पर धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गयी है।

## निधन

### पंडित ईश्वरी कृष्ण तिवारी



**बिलासपुर।** हाउसिंग बोर्ड चिल्हाटी निवासी पंडित ईश्वरी कृष्ण तिवारी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम अमझर में किया गया। वे मुकेश, राकेश और ममता मिश्रा के पिता तथा योगेश मिश्रा के ससुर थे।

### नीरा बाई साहू



**बिलासपुर।** ग्राम जरौंधा निवासी नीरा बाई साहू का 4 जनवरी को निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम जरौधा में किया गया। वे स्वर्गीय छेदीलाल साहू की धर्मपत्नी तथा रामकुमार साहू, सुशील कुमार साहू एवं गोपी साहू की माता थीं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2023
बिलासपुर, दिनांक 26/12/2025

प्रति,1. आवेदक प्रभात कुमार कुमार पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद कुमार – आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. देवेन्द्र गुप्ता/राम प्रसाद गुप्ता एवं सुमन गुप्ता/देवेन्द्र गुप्ता हलवाई लाईन सा. राजनांदगांव 3. सावित्री देवी साहू / लाल जी साहू सा. हरदीबाजार कोरबा 4. नीरू खेत्रपाल पति राकेश खेत्रपाल अशोक नगर 5. जितेन्द्र धर दुबे/ बृजनंदन धर दुबे सा. अम्बिकापुर 6. क्षमा पाठक/सुचिन्त कुमार पाठक सा. बिलासपुर 7. अमिता खेत्रपाल/ संजय खेत्रपाल, एवं अर्चना सिंह सा. सरकण्डा 8. डॉ. राजीव खेत्रपाल/ स्व. ओमप्रकाश खेत्रपाल, सरकंडा 9. आरती दास, संतोष दास गणेश नगर बिलासपुर 10. हमीदा बेगम, नौशाद अली व्यापार विहार बिलासपुर 11. श्रीमती निशा सोनखरे/ विजय सोनखरे बिलासपुर 12. श्रीमती विमला देवी/श्रीकांत तिवारी अमोला विला बिलासपुर, 13. राजेन्द्र कुमार जुनेजा तोरवा बिलासपुर 14. महेन्द्र प्रसाद/ किशोर प्रसाद वेस्ट झगराखण्ड कालरी कोरिया एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

विषय :– सीमांकन में उपस्थिति वाबत।

संदर्भ : न्यायालय अति. तहसीलदार/ बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ अति.तह./ ना.तह./ वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 24/11/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला– बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 364/3 (365/3) रकबा 0.07 एकड़ के सीमांकन हेतु आवेदक प्रभात कुमार कुमार निवासी शिवाजी मार्ग टिकरापारा बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय अति तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 09/01/26 को समय 10:00 से 05:00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक मोपका**

## पंचपरिवर्तन से ही समाज सुधरेगा और राष्ट्र बनेगा मजबूत

# हिंदू समाज जागा तो भारत होगा अजेयः चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीपत

पुराना धान मंडी परिसर में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा राष्ट्र निर्माण में समाज की सक्रिय सहभागिता को लेकर जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता की प्रतिमा पर पुष्पमाल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भारत शिक्षा, ज्ञान, कला और संस्कृति के क्षेत्र में विश्वगुरु रहा है।

■ हिंदू चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति के संदेश से गूंजा सम्मेलन स्थल

हिंदू समाज में सभी समाजों और विचारों को आत्मसात करने की अद्भुत क्षमता है। जब-जब देवालय नष्ट किए गए, तब हिंदू समाज ने घर-घर में मंदिर बनाकर अपनी संस्कृति और आस्था को जीवित रखा। उन्होंने कहा कि समाज को बचाने और दिशा देने का कार्य संत समाज ने सदैव किया है। आज़ादी के बाद से अब तक भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत केवल सहयोग की बात नहीं करता, बल्कि करके दिखाता है। आज भारत की शक्ति और सामर्थ्य को पूरा विश्व सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए पंचपरिवर्तन आवश्यक है, जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार और स्व का बोध शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत माता की सच्ची जय तभी होगी, जब देश का नागरिक भारत के लिए जिएगा, परिश्रम करेगा और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्र के लिए सर्वस्व अर्पित करेगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत समिति के जिलाध्यक्ष स्वामी वासुदास महाराज ने कहा कि हिंदुत्व केवल धर्म नहीं, बल्कि मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने की जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे विचार हिंदू संस्कृति की महानता को दर्शाते हैं। समाज को जोड़ने, संस्कारों को बचाने और युवाओं को सही दिशा देने में संत समाज की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि हिंदू सम्मेलन जैसे आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक चेतना को




### हिन्दुत्व हमारी पहचानः सिंह


छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की अधिवक्ता पूर्णिमा सिंह ने कहा कि हिंदुत्व हमारी धर्म, संस्कृति और संस्कार है यही हमारी पहचान है। हिंदू धर्म के ग्रंथ जीवन जीने की कला सिखाते हैं। आज आवश्यकता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से अवगत कराएं। उन्होंने मातृशक्ति को जननी, सृजनकर्ता और पालनहार बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म में मातृशक्ति पूजनीय है। इतिहास में वीरांगनाओं ने समाज और राष्ट्र को दिशा दी है। उन्होंने कृष्ण सुदामा की मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन को सही दिशा देने वालों को अपना अनुगामी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल वेतनधारी नहीं, बल्कि संस्कारवान नागरिक बनाइए, ताकि वे कहीं भी रहें, अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सुआ नृत्य सहित प्रेरणात्मक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। अंत में भारतमाता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन नीरज सिंह क्षत्री ने किया। मंच पर राजकुमार कौशिक, दिलेंद्र कौशिल, बलराम पाटनवार, अभिलेश यादव, दीपक शर्मा, राज्यवर्धन कौशिक, कुंजबिहारी धीवर, गिरजा सूर्यवंशी, रामभरोस साहू, हरीश गुप्ता, रामनिहोर सूर्यवंशी, सुंदरलाल वर्मा, पंचराम सूर्यवंशी, संजय जायसवाल, भूरुवाबाई पत्रवानी , बसंत सत्यार्थी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ये रहे मौजूद

आयोजन में संजय गुप्ता, अजय सूर्यवंशी, राजेश कैवर्त, नीरज सिंह क्षत्रिय, धनवंतरी भूषण कौशिक, दिनेश गुप्ता, संतोष गायकवाड़, संजय जायसवाल, शिवकुमार गुप्ता, वैद्यनाथ गुप्ता, रामस्वरूप साहू, अरुण मिश्रा, प्रफुल्ल सिंह राजपूत, बसंत सत्यार्थी, भूरुवा बाई पत्रवानी, गजेंद्र यादव, दीपक गुप्ता, रामकुमार कुंभकार, डीकेश गुप्ता, चंद्रमणि गुप्ता, आदित्य गुप्ता, सोनू निर्मलकर, संदीप गुप्ता, देवेंद्र सिंह क्षत्री, शशिकांत साहू, मोहन गुप्ता, उर्विजेश मिलाकांत कौशिक, नारायण साहू, मंजुलता साहू, कीर्ति गुप्ता, सरोज गुप्ता, नागेश्वरी साहू, सुनीता साहू, माया गुप्ता, झरना गुप्ता, गोदावरी साहू, गिरजा सूर्यवंशी, रमेश सिंह, विशाल तंबोली, शिव यादव सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।



# नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह के साथ तखतपुर नगर पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल को नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ के नेतृत्व में नगर पालिका उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, पार्षद अनुपमा अभिषेक पांडेय, कोमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, जसप्रीत रमन हूरा, कैलाश देवांगन, परमजीत लवली हूरा, अंजू सुरेश देवांगन, चंद्र प्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा संजय गुप्ता, प्रियंका सुनील आहूजा, मुन्ना श्रीवास ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि तखतपुर नगर में स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 615/1 एवं 616 पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। उक्त भूमि को पटवारी एवं आर आई द्वारा मौके पर मापांकित कर चिन्हित किया जा चुका है जो लगभग दो एकड़ में विस्तृत है। उपरोक्त शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश प्रदान करने की मांग की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद की बातों को ध्यान से सुना और इस दिशा में तहसीलदार शशांक शुक्ला को निर्देशित भी किया। सदर लाइन के कुछ कपड़ा दुकानदारों की मांग थी कि जनपद मिडिल स्कूल खाली स्थल पर दुकान का पीछे का हिस्सा बढ़ाने दिया जाए ताकि वह सामने के हिस्से को छोड़ सके और यातायात सुगमता की दिशा में एक नई पहल होगी। कलेक्टर ने पूरे स्थल का निरीक्षण किया और कई तकनीकी बातों का इस विषय पर उल्लेख भी किया। विधायक धर्मजीत सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने भी कलेक्टर से इस दिशा में सार्थक प्रयास का आह्वान किया।

## प्राचार्यों को दिया गया फॉर्म-6 से संबंधित प्रशिक्षण




**मुंगेली।** जिला पंचायत सभाकक्ष धरमपुरा मुंगेली में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फॉर्म 6 से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले के कॉलेज एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों के लिए आयोजित किया गया, ताकि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों का प्रभावी एवं त्रुटिरहित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी व पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को एसआईआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मतदाता सूची को अद्यतन रखने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अपने–अपने विद्यालय एवं महाविद्यालय में जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनको अनिवार्य रूप से फॉर्म भरवाने के लिए पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6 और घोषणा पत्र भी वितरित किया गया। मास्टर ट्रेनर संजय सोनी ने फॉर्म 6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया,

## कन्हैया के भक्ति गीतों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

**तखतपुर।** नगर में श्याम दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री खाटू श्याम का दरबार सजाया गया। अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित की गई। जोत सेवा योगेश मित्तल शीश वाले ने पूजा अर्चना कराई और आरती उतारी।

कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने पहुंचकर आयोजकों द्वारा आयोजित श्याम दरबार भक्ति संध्या की बधाई दी। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में उमा लहरी, प्रमोद त्रिपाठी, कन्हैया मित्तल, आरती शर्मा ने धार्मिक गीतों से समा बांध दिया और हर गाने पर भक्तजन झुम उठ रहे थे। शाम 7 बजे से शुरू हुई इस धार्मिक भक्तपूर्ण गीत समागम का समापन सुबह 4 बजे तक हुआ और पूरे समय सभी श्रोता मंत्रमुग्ध रहे। इस अवसर पर काशी अग्रवाल, आयुश अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मिक्कू अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, रामगोपाल अग्रवाल, पार्षद अंकित अग्रवाल, नवीन कारड़ा, आयुष कारड़ा, आयुष ठाकुर, लवली हूरा, कोमल ठाकुर, संजू ठाकुर, अजय देवांगन, गौरी देवांगन, किशन सचदेव, मुरली रमानी, टेकचंद कारड़ा, अमित मंदानी, वरूण सिंह, प्रमोद सिंह ठाकुर, चंद्रकांत द्विवेदी, मुकेश ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ तखतपुर नगर में सजा खाटू श्याम का दरबार



**हर घर में भगवाध्वज लहराए-** श्याम दरबार में पहुंचे कन्हैया मित्तल ने कहा कि हर हिंदू परिवार को गर्व से घर के ऊपर भगवा ध्वज फहराना चाहिए इससे तीन फायदे होंगे। पहला भगवान की कृपा होगी, दूसरा हिंदूओं में एकता दिखेगी, तिसरा मुल्लों को यह पता चलेगा कि यह घर हिंदूओं का है जिससे वह भयभीत रहेगा।

## नपा बोदरी के जनप्रतिनिधि स्वच्छता प्रशिक्षण के लिए शिर्डी रवाना



**बिलासपुर।** नगर पालिका परिषद बोदरी के सभी पार्षद रविवार को ट्रेन से साई नगर शिर्डी महाराष्ट्र रवाना हुए। सभी जनप्रतिनिधि सोमवार 5 जनवरी को शिर्डी नगर पालिका परिषद में हो रहे सफ़ाई कार्य का अध्ययन सह प्रशिक्षण लेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों को स्वयं के व्यय से यात्रा की व्यवस्था कराई व शिर्डी मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मेल के जरिए संपर्क कर प्रशिक्षण का निवेदन कर अनुमति ली। इस यात्रा में सभापति विजय वर्मा, फिरतुराम बनवारे, श्याम आर्य, भावना आशीष खत्री, प्रीति लक्ष्मीनारायण मरावी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील वर्मा, पार्षद हीरालाल लोधी, रोहित साहू, जोहित राम घुरी, अतुल ध्रुव, लता विष्णु साहू, पूर्व पार्षद रामेश्वर ध्रुव, दीपक वर्मा, दिलीप वलेचा, भगवान दास शर्मा, पूर्व एल्डरमैन राज कुमार यादव सहित 20 सदस्य शामिल हैं।

# किसानों को 649 करोड़ 54 लाख रुपए का भुगतान

## मुंगेली जिले में सुव्यवस्थित तरीके से हो रही धान खरीदी



खरीदी केन्द्रों में धान के बोरे।

**मुंगेली।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत धान खरीदी कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से जारी है। जिले की 66 प्राथमिक समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से की जा रही है।

जिले में 61 हजार 800 से अधिक पंजीकृत किसानों से अब तक 29 लाख 82 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है, इनमें 16 लाख 79 हजार क्विंटल मोटा धान, 134 क्विंटल पतला धान और 13 लाख 2 हजार 625 क्विंटल सरना धान की खरीदी की गई है। वहीं उपार्जन केन्द्रों से 17 लाख 95 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। जिले में धान खरीदी का भुगतान जिले के कुल 10 सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को धान की राशि का सुविधापूर्वक भुगतान किया जा रहा है। किसानों को बैंक में लाइन लगने की समस्या ना हो, उन्हें आसानी से भुगतान की सुविधा मिले। इसके लिए किसानों को एटीएम कार्ड की सुविधा एवं चेक बुक प्रदान किए गए हैं। जिले में अब तक 649 करोड़ 54 लाख रूपए से अधिक धान खरीदी का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। जिले के सभी 66 समितियों में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है, और किसानों को एटीएम के माध्यम से आसानी से नगद भुगतान की सुविधा प्राप्त हो रही है। 10 बैंकों के माध्यम से प्रतिदिन 02 हजार से अधिक किसानों को 07 करोड़ रूपए से अधिक नगद भुगतान किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी आंतरिक चेक पोस्ट पर भी टीमों को तैनात किया गया है। निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की घटनाओं पर रोक लगाने की शिकायत के लिए तथा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी हेतु इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है, इससे खरीदी, भंडारण और परिवहन की रियल टाइम मानिटरिंग सुनिश्चित होगी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सीपत, तहसील सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन बाबत्-सूचना**

क्रमांक/ /रा.नि./सीपत/सीपत
सीपत, दिनांक / /

1. श्री अखिलेश प्रताप सिंह पिता सूरज सिंह
2. दिनेश/बाबू जी मुख्य मार्ग सीपत बलौदा
3. सुशीला/सीया सनेही दुबे, कैलाश उर्फ विरभद् 4. इरसाद वगैरा 5. देवचरण संतोष वगैरह

विषय :– सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत्

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका अखिलेश प्रताप सिंह जाति क्षत्री निवासी बिलासपुर तह. बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम गुडी प.ह.न.5 रा.नि.मं. सीपत तह. सीपत स्थित भूमि ख.नं. 878/2 , 880/2 रकबा कुल 1.65 एकड का आवेदनानुसार आवेदित भूमि क सीमांकन हेतु माननीय, तहसीलदार/ना.तहसीलदार महोदय के ज्ञापन प्राप्त हुआ है ।

उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 06/01/26 को समय 11:00 से 5:00 बजे किया जाना है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अत: उक्त तिथि को आप अपने भूमि संबंधी दस्तावेजो के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करे। इस भूमि से संलग्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हितबद्ध व्यक्ति भी उक्त तिथि को अपने भूमि संबंधी दस्तावेजो के साथ समये पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

टीप: अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. सीपत**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब–121/2025–26
ग्राम बिरगांव प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बिरगांव वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका/ श्री/ श्रीमती/ कु. भूपेन्द्र कश्यप पिता/ पति जवाहर लाल जाति ... निवासी ग्राम बिरगांव तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्व. भरत लाल कश्यप के जन्म/मृत्यु दिनांक 23.08.2005 को ग्राम पंचायत बिरगांव में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 05.01.2026 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी जरहागांव**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रतनपुर, दिनांक 24.12.2025
रा.प्र.क्र. (ब–121/2025–26)
मौजा ग्राम–पुडू

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश उरांव पिता मालसाय सिंह जाति निवासी ग्राम पुडू तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने पिता मालसाय पिता भिखारी का मृत्यु दिनांक 03.07.2009 को ग्राम पुडू में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पंचायत पुडू में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3) एवं छत्तीसगढ जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं सचिव ग्राम पंचायत पुडू को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 08.01.2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### वाकाथान और जुबा डांस कर दिए यातायात जागरूकता के संदेश



बिलासपुर। जिला पुलिस बल के तत्वाधान में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। माह के दौरान जनता को यातायात के प्रति जागरूक करने एवं दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बिलासपुर पुलिस, सामाजिक संस्थाओं के आपसी समन्वय के द्वारा की जा रही है। 4 जनवरी को पुलिस परेड मैदान में स्वास्थ्य मनोरंजन एरोबिक्स, जुंबा डांस के माध्यम से आम लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधीश एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में नगर निगम कमिश्नर, एएसपी ग्रामीण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के उपस्थिति में पुलिस परेड मैदान से शहर के विभिन्न चौक चौराहों एवं मार्गो होते हुए वापस पुलिस परेड मैदान तक यातायात जागरूकता संदेश के साथ हजारों की संख्या में वाकाथन किया। यातायात संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की गई वाकाथन के पश्चात पुलिस परेड मैदान पर एरोबिक, डांस जुंबा कार्यक्रम में भाग लिए। यातायात जागरूकता संदेश दिए।

### बैगा ग्राम में लायंस क्लब बिलासपुर ने किया सेवा कार्य



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर के सदस्यों द्वारा 4 जनवरी को ग्राम जोकी और बैगा आदिवासी ग्राम नक्टाबाधा में निर्धन परिवारों को गरम कपड़े, कनटोप और कंबल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक विनोद मित्तल, दिनेश अग्रवाल, जी एम गुप्ता और जी एल जैन थे। इनके द्वारा प्रदान किए गए कंबल को ग्राम जोकी के निर्धनों को वितरित किया गया। ग्राम जोकी के योगेश तिवारी एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा ग्राम जोकी के गरीब लोगों को एकत्र किया गया था। कोटा ब्लॉक के बैगा आदिवासी ग्राम पंचायत नक्टाबाधा में अनिल बामने द्वारा गांव के सरकारी स्कूल में बैगा आदिवासियों को गरम कपड़े, कनटोप, और कंबल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष क्लब बिलासपुर डॉ हर्ष पान्डेय, सचिव रमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश दुबे, जी एम गुप्ता, आर के अग्रवाल, संजय गुप्ता, विमल केडिया, डॉ अरूण शुक्ला, इतफाक सागरी, शैलेष बाजपेयी, महेश डागा आदि मौजूद थे।

### नागरिक आपूर्ति निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का मिलन समारोह



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों का स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारी सम्मलित हुए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन के शर्मा, विशिष्ट अतिथि एन एम प्रसाद राव एवं अध्यक्षता जे पी अग्रवाल ने की। उपस्थित सदस्यों ने सेवानिवृत्त उपरान्त अपने सुखमय दिनचर्या का उल्लेख किया। किसी ने सामाजिक सेवा, किसी ने साहित्यिक सेवा, धार्मिक सेवा व कृषि कार्य से जुड़े रहने की बात कही। कार्यक्रम के सफल आयोजन के सूत्रधार रमेश तिवारी, शैलेन्द्र गुप्ता, तानसेन चंद्रवंशी, पुष्परंजन यादव रहे। इस अवसर पर शैलेन्द्र गुप्ता ने हास्य व्यंग की कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरी, वहीं अशोक सोनी ने चुटकुले सुनाकर खूब हँसाया । मुख्य अतिथि ने इस प्रकार के आयोजन साल में दो बार करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि श्री राव ने अपने अनुभव को कर्मचारियों से शेयर करने की बात कही। वहीं अध्यक्षता कर रहे जे पी अग्रवाल ने अपनी बातों से सामाजिक सेवा धार्मिक सेवा करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन रमेश तिवारी ने किया।

### लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल परिवार ने चौक चौराहों पर बांटे कंबल



बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था 3233- सी लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल परिवार के द्वारा ठिठुरती ठंड में संस्था के द्वारा कम्बल वितरण किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रात को घूम-घूम कर जरूरद मंद लोगों को राहत पहुंचाने विभिन्न चौक-चौराहो और सड़क किनारे सो रहे जरूरतमंद को कंबल वितरण किया। उन्हें ठंड से राहत पहुंचाने की कोशिश की गई। रिवर व्यू, गोल बाजार, जूना बिलासपुर सरकंडा क्षेत्र में लोगों को गरम कपड़े बांटे गए। इस सेवा कार्य में संस्था के सभी सदस्यों ने सहयोग किया।

### श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने बगदरा में जरूरतमंदों को बांटे 89 कंबल

बिलासपुर। श्री सर्वेश्वरी समूह ने 19 सूत्रीय कार्यक्रम अंतर्गत तृतीय चरण का कंबल वितरण बुधवार कोरबा जिले के विकासखण्ड पाली ग्राम बगदरा (चैतुरगढ़) में किया। इस सेवा कार्य में कंबल, मच्छरदानी व कुछ पुराने कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाखा सेंदरी (कोनी) के सदस्यों ने ग्रामीणों को श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा चलाए जा रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम की जानकारी दी। चैतुरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी दूरस्थ जंगलों में रहने वाले गरीब जनजाति परिवार के महिला, पुरुष और बच्चों के बीच 89 कंबल, 40 नए मच्छरदानी व कुछ पुराने गरम कपड़े वितरित किए गए। ग्रामीण गरीब परिवार समूह द्वारा चलाए जा रहे सभी आयोजनों की सराहना की।

**सूखने में लगेंगे तीन दिन और** | **पानी सप्लाई सामान्य होने में चार दिन और लग सकते हैं**

# ट्रीटमेंट प्लांट के वाल्व को तोड़कर नया बनाया गया, डाली गई स्टील की प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट में टैक्निकल फाल्ट आने के शहर में आई जल समस्या के सुधार में अभी तीन से चार दिन और लग सकता है। नगर निगम ने पुराने चेंबर को तोड़कर वाल्व को नए सिरे से बनाया है और वहां कंक्रीट का नया चैंबर तैयार किया गया है। खास बात है कि निगम ने एक तरह से चेंबर के ऊपर सेंटरिंग किया है और इसमें लकड़ी की जगह स्टील का प्लेट लगा दिया है। इससे और मजबूती का दावा किया जा रहा है। इस चैंबर को पूरी तरह मजबूत होने और सूखने में 6-7 दिन लगेंगे। इसमें से तीन दिन गुजर गया है। इधर जल समस्या के कारण लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है।

ध्यान रहे कि अभी निगम क्षेत्र में 1,144 पावर पंप हैं, जिनमें से 982 पंप घरों तक सीधे पानी पहुंचाते हैं लेकिन अमृत मिशन लाइन बंद होने पर निगम को सभी पावर पंप चलाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा अमृत मिशन शुरू होने के बाद बंद किए गए 66 ट्यूबवेल फिर से चालू किए गए ताकि किसी तरह सप्लाई को संभाला जा सके। नगर निगम के जल विभाग के अधिकारी अनुपम तिवारी के मुताबिक पंप चालू किए गए हैं और टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। ज्ञात हो कि 40 हजार घरों को रोजाना 42 एमएलडी पानी सप्लाई होती है। मरम्मत के दौरान यह घटकर 30 एमएलडी रह गया है। इसी कारण कि नागरिकों को सिर्फ सुबह के समय पानी मिल रहा है वह भी कम दबाव में। कई क्षेत्रों में लो प्रेशर और कुछ जगहों पर पानी बिल्कुल नहीं आ रहा है। जिन इलाकों में पाइपलाइन में लीकेज है या जहां बड़े पैमाने पर अवैध कनेक्शन हैं, वहां समस्या और बढ़ गई है।



चांटीडीह में पानी के लिए कतार में रखा गया बर्तन। टैंकर आने का कर रहे इंतजार।

इसके बाद अमृत मिशन योजना के तहत बिरकोना से शहर की 22 पानी टंकियों में सप्लाई दोबारा शुरू की जाएगी। इधर हालात यह हैं कि अमृत मिशन की सप्लाई बंद होते ही शहर की 276 किलोमीटर लंबी वितरण पाइपलाइन पूरी तरह सूख चुकी है। यही नेटवर्क सामान्य स्थिति में रोजाना करीब 35 एमएलडी पानी शहर को देता था। पाइपलाइन के ड्राई होने से कई इलाकों में नलों तक पानी पहुंचना पूरी तरह बंद हो गया है। नतीजा यह कि हजारों परिवार एक बार फिर टैंकर, बोर और अस्थायी इंतजामों के भरोसे जीने को मजबूर हैं।

### नहाने और पीने के पानी की समस्या

30 से अधिक वार्डों में एक समय की पानी सप्लाई बंद कर दी गई। सिर्फ सुबह के समय पानी मिल रहा है। एक दो टैंकर वार्डों में जरूर भेजे जा रहे हैं लेकिन इससे कोई राहत नहीं मिल रही। लोगों को नहाने और पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तालापारा, विनोबानगर, मगरपारा, दयालबंद, तारबहार से लेकर राजेन्द्र नगर, सरकंडा के कुछ वार्डों में अधिक समस्या है। कुछ वार्डों में तो टैंकर और लारी शाम को पहुंच रहे हैं यहां पानी भरने के लिए लोग इस ठंड में बाल्टी और घमला लेकर कतार में खड़े देखे जा रहे हैं। कुदूदण्ड और गोंड़पारा में गंदा पानी आने की शिकायत भी मिल रही है।

**गेट नम्बर तीन के सामने की जा रही खोदाई**

# जोनल स्टेशन के सामने गड्ढा यात्रियों को पानी की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम गतिशक्ति कर रही है, जिसके लिए स्टेशन गेट नम्बर तीन के सामने 18 फीट का गड्ढा कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी खोदाई का काम किया जा रहा है।

इस खोदाई में शनिवार की रात स्टेशन प्लेटफार्म में पानी सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइन फट गई, जिसके कारण प्लेटफार्म के अंदर पानी की घंटो समस्या रही। सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग के अफसरों के निर्देश पर स्टाफ ने पाइप लाइन को सुधारना शुरु किया, जिसके उपरांत रविवार की दोपहर 2 बजे के बाद यात्रियों को पीने का पानी नसीब हो सका। 392 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। इस कार्य के दौरान गेट नम्बर तीन रनिंग लॉबी से लेकर पुराने जनआहार की दीवार के सामने का हिस्सा शेड लगाकर घेराबंदी कर दिया गया है।

- वेटिंग हाल में नहीं पहुंचा पानी

शेड लगाने का काम डेढ़ साल पहले किया गया है, लेकिन काम की शुरुआत डेढ़ साल बाद की गई है। इस कार्य के तहत गतिशक्ति के आदेश पर गेट नम्बर तीन पर संचालित होने वाले अनारक्षित काउंटर को भी खाली कराने के बाद पीआरएस कार्यालय में शिफ्ट किया गया था। वर्तमान में स्टेशन का हाल बेहाल हो चुका है। चारों ओर गड्ढे. और धूल के कारण यात्री भी काफी परेशान हो रहे हैं। गतिशक्ति के अफसर मौके पर भी निरीक्षण करने नहीं पहुंचते हैं। इसके कारण हाल ऐसा है कि ठेकेदार के कर्मचारी बिना कुछ देखे खोदाई करते जा रहे हैं, जिसमें कभी बिजली की लाइन कट रही है तो कभी पानी की पाइन लाइन कटने के कारण स्टेशन प्लेटफार्म के अंदर यात्रियों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।

इसी तरह का हाल शनिवार की रात से लेकर रविवार की दोपहर तक प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों के साथ हुआ। रात में खोदाई की वजह से पाइप लाइन फटने से प्लेटफार्म पर पानी सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई। पाइप फटने के कारण खोदाई करने वाले गड्ढे.में पानी तो भर गया, लेकिन रात में बिलासपुर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ा। नल में पानी नहीं निकलने के कारण यात्रियों को पीने का पानी का बोतल मजबूरी में खरीदी करना पड़ा।

### ठीक कर दी गई लाइन

पाइप लाइन फटने के कारण स्टेशन के प्लेटफार्म में पानी की समस्या हुई थी। मामला संज्ञान में आते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए पाइप लाइन को ठीक कर पानी की सप्लाई शुरु की गई। वहीं मौके पर मौजूद स्टाफ को आगामी दिनों में सावधानीपूर्वक काम करने कहा गया है।

–अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

**रमन विश्वविद्यालय ने 14 जिलों में बनाए 54 परीक्षा केंद्र**

# टैलेंट सर्च परीक्षा में 19 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च परीक्षा रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह परीक्षा कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं (सभी विषयों) के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में बनाए गए 54 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 19 हजार छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई विद्यार्थियों ने इसे अपने शैक्षणिक मूल्यांकन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। परीक्षा के पश्चात विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण करने वाले विद्यार्थियों ने डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की आधुनिक सुविधाओं की खुलकर प्रशंसा की।

### विवि की महत्वपूर्ण भूमिका

विद्यार्थियों के वक्तव्य से यह स्पष्ट है कि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता, बल्कि आधारभूत संरचना और सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। टैलेंट सर्च परीक्षा विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक अनुभव साबित हुई, जो उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करेगी।

इस अवसर पर अभिभावकों और विश्वविद्यालय के बीच एक आत्मीय संवाद का आयोजन किया गया । जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष एवं कुलसचिव डॉक्टर अरविंद कुमार तिवारी ने विद्यालय के सभी प्राचार्य शिक्षकों और विद्यार्थियों के अभिभावकों से चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां, संरचना, सुविधा और भविष्य की योजनाओं की जानकारी सभी से साझा की । प्राचार्याओं एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों के बारे में भी अपने अनुभव साझा किया।



### प्रैक्टिकल सीखने के लिए शानदार वातावरण

परीक्षा देने आई कक्षा 12 वीं बिलासपुर की अंजली वर्मा ने बताया कि टैलेंट सर्च परीक्षा के प्रश्न बहुत संतुलित थे। विश्वविद्यालय की लैब अत्यंत आधुनिक है, यहाँ प्रैक्टिकल सीखने के लिए शानदार वातावरण है। मुंगेली कक्षा 10 वीं के राहुल साहू ने बताया कि मुझे विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी बहुत पसंद आई। यहाँ प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित भरपूर पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो छात्रों के लिए बहुत उपयोगी हैं। सकरी की कक्षा 12 वीं की पूजा पटेल ने बताया कि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय का रेडियो स्टेशन देखकर मैं बहुत प्रभावित हुई। यह छात्रों के आत्मविश्वास और संचार कौशल को बढ़ाने का अच्छा माध्यम है। वहीं रानी डेरा की कक्षा 10 वीं की छात्रा अमित कश्यप ने बताया कि यहां का खेल मैदान बहुत बड़ा और सुव्यवस्थित है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी इतनी अच्छी सुविधा मिलना प्रेरणादायक है।पाली के कक्षा 12 वीं की छात्रा नेहा सिंह ने बताया कि फार्मेसी विभाग की लैब और उपकरण बहुत आधुनिक हैं। भविष्य में यहाँ पढ़ाई करने की मेरी इच्छा और भी मजबूत हो गई है। कोटा कक्षा 10 वीं के छात्र संदीप निषाद ने बताया कि "छत्तीसगढ़ी संजोही पहल बहुत अच्छी लगी। इससे हमारी लोकसंस्कृति और भाषा को संरक्षित करने का प्रयास हो रहा है। वहीं तोरवा कक्षा 12 वीं की कविता यादव ने बताया कि "परीक्षा के साथ-साथ विश्वविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण बहुत सकारात्मक लगा। यहाँ पढ़ाई के लिए अनुशासन और सुविधा दोनों हैं।" पोड़ी के कक्षा 10 वीं के छात्र रोहित तिवारी ने बताया कि "लाइब्रेरी और डिजिटल संसाधन बहुत अच्छे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यह विश्वविद्यालय एक बेहतर विकल्प है। लोरमी की छात्रा मोनिका चंद्राकर ने बताया कि रेडियो स्टेशन और खेल सुविधाएँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद करती हैं। यह विश्वविद्यालय केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। तखतपुर के कक्षा 10 वीं के छात्र विकास पटेल ने बताया कि "टैलेंट सर्च परीक्षा ने मुझे अपनी तैयारी का सही आकलन करने का मौका दिया। विश्वविद्यालय की सुविधाएँ देखकर यहाँ पढ़ने का सपना और मजबूत हो गया है।

## नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अग्रवाल सहित 10 संचालक निर्विरोध



बिलासपुर। बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल के लिए हुए निर्वाचन में सभी 10 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 दिसंबर को कुल 18 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। 29 दिसंबर को हुई संवीक्षा में 6 नामांकन पत्र नियमों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर अस्वीकृत कर दिए गए। इसके बाद 12 नामांकन वैध घोषित किए गए। निर्धारित समय-सीमा के भीतर 30 दिसंबर को 2 अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली। शेष 10 अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की गई। बैंक की वार्षिक सामान्य सभा में 4 जनवरी 2026 को इन सभी 10 अभ्यर्थियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचित संचालकों में अनारक्षित वर्ग से अशोक अग्रवाल, नारायण आवटी, राजकुमार पमनानी, अनिल खंडेलवाल, मनोज भंडारी को चुना गया । वहीं अनारक्षित महिला वर्ग से शशि सिंह ठाकुर, अल्का शर्मा को और अनुसूचित जाति वर्ग से चंद्र प्रकाश जांगड़े, अन्य पिछड़ा वर्ग से सोमनाथ यादव, सीताराम जायसवाल निर्वाचित हुए। रिटर्निंग अधिकारी आरके गुप्ता ने निर्वाचन परिणाम की आधिकारिक घोषणा की।

### नववर्ष पर लिया पिकनिक का आनंद

बिलासपुर। तेलुगू संयुक्त समाज के सदस्यों ने 4 जनवरी को नूतन वर्ष पर चांपी जलाशय में पिकनिक का आनंद लिया। परिवारों के साथ लगभग 600 लोग इसमें शामिल हुए। खेलकूद, हाउजी गेम, रंगारंग एवं अन्य मनोरंजन कार्यक्रम के साथ मनाया । जी रविकन्ना ने बताया कि इस पिकनिक में मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति अशोक विधानी, आर श्रीनिवास राव, डॉ अरुण पटनायक थे। मुख्य अतिथि पूजा विधानी ने भरत नाट्यम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर डी धरानी का सम्मान किया है। खेलकूद विजेताओं को पुरस्कृत किया गया है। जिसमें बॉल पासिंग प्रतियोगिता प्रथम डी उषा, द्वितीय ए ज्योति, तृतीय डी हेम लता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता प्रथम एम शारदा, द्वितीय बी सरिता, बी भूमिका रही।

**ट्रेनों का समय निश्चित नहीं होने के कारण यात्री हो रहे परेशान**

# बन गई नई समय सारिणी लेकिन टाइम पर कोई ट्रेन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक जनवरी नव वर्ष से रेलवे बोर्ड के निर्देश पर रेल प्रशासन ने एक नई समय सारिणी की घोषणा तो कर दी है, लेकिन कोई भी ट्रेन समय सारिणी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म तक नहीं पहुंच रही है। ट्रेनों के आने-जाने का समय निश्चित नहीं होने के कारण परेशान यात्री हो रहे हैं।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रेल प्रशासन ने एक जनवरी से बोर्ड के निर्देश पर एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में समय पर पहुंचने और रवाना होने के लिए नई समय-सारिणी की घोषणा कर दी है। पिछले चार से पांच वर्ष के अंतराल में बिलासपुर में कोई भी गाड़ी समय पर न तो आ रही है और न ही निकल रही है। विशेषकर हावड़ा से बिलासपुर होकर मुम्बई की ओर आने-जाने वाली एक्सप्रेस, सुपरफास्ट के अलावा नई दिल्ली व अन्य मेट्रो की ट्रेनों का ऐसा हाल है कि निर्धारित दी गई समय सारिणी से यह घंटो लेट बिलासपुर स्टेशन तक पहुंचती है। इसकी वजह से यात्रियों की कनेक्टिंक ट्रेनें स्टेशन से रवाना हो जाती है, जिसके लिए रेलवे ने यात्रियों को दूसरी ट्रेनों का विकल्प भी अब तक नहीं दिया है। इसी तरह का हाल शुक्रवार को भी बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में आने वाली ट्रेनों का रहा। एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में सबसे महत्वपूर्ण और फ्लैक्सी फेयर लेने वाली दूरंतों एक्सप्रेस को बिलासपुर स्टेशन पहुंचने में सुबह से देर रात हो गई। इसके अलावा सुबह हावड़ा से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों में 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल 6.50 बजे के स्थान पर 5 घंटे लेट, 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस सुबह 9 बजे के स्थान पर 4 घंटे लेट, 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस सुबह 9 बजे के स्थान पर 3 घंटे 30 मिनट लेट, सुबह 3.45 बजे आने वाली 20827 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस 12 घंटे लेट, सुबह 11.35 बजे आने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 5 घंटे लेट, दोपहर 2.25 बजे आने वाली हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 4 घंटे लेट, दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर आने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस 4 घंटे लेट, सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर आने वाली 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस 13 घंटे लेट रही।

### विलंब का कारण मालगाड़ियां और अधोसंरचना

रेल जानकारों का कहना है कि जनवरी के बाद माल लदान का टारगेट पूरा करने के लिए केवल दो माह ही बचे हुए हैं। बिलासपुर डिवीजन के साथ रायपुर और नागपुर डिवीजन सहित अन्य जोन में अधोसंरचना के अलावा अन्य कार्यो को किया जा रहा है। यह कार्य ट्रेनों के लेट होने का मुख्य कारण बने हैं। इसके अतिरिक्त माल लदान को पूरा करने के लिए सभी जोन लॉंगहाल ट्रेनें भी चलाना शुरु कर दी हैं, जिसकी वजह से रेल लाइन पर यात्री गाड़ियों को घंटो कहीं पर भी नियंत्रित किया जा रहा है। इसके कारण ट्रेनों की लेट लतीफी तो बनी है और उसके समय पर पहुंचने सुधार की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## शिक्षाविद् व समाज सुधारक थीं सावित्री बाई फुले : शास्त्री



**बिलासपुर**। आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ। यज्ञ के बाद आचार्य देव शास्त्री ने सावित्री बाई फुले की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भारतीय शिक्षाविद् व समाज सुधारक महिला थीं। श्री शास्त्री ने बताया कि सावित्री बाई अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर महाराष्ट्र में महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि उस समय जब नारी को पढ़ने का अधिकार नहीं था एवं उन्हें हीन दृष्टि से देखा जाता था उस समय सावित्री बाई ने संघर्ष कर नारी उत्थान के लिए अनेक आंदोलन किया। जातिवाद के भेदभाव को मिटा कर लोगों के साथ होने वाले अनुचित व्यवहार को समाप्त करने काम किया। सावित्री बाई और उनके पति ज्योतिबा फुले दोनों ही भारत में महिला शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी थे। उन्होंने महाराष्ट्र में लड़कियों के लिए अनेक कन्या विद्यालयों की स्थापना की और शिक्षा, समाज सेवा में अग्रणी रहे। इस तरह उनके जीवन चरित्र से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज नारी जाति में भौतिक विद्या तो बढ़ गई है लेकिन वैदिक शिक्षा की कमी है। इसकी जिम्मेदारी आर्य समाज की है। आने वाले समय में महिलाओं के लिए दो दिवसीय लघु गुरुकुल शिविर लगाकर उन्हें वैदिक शिक्षा दी जाएगी।

आयोजन

## महिलाओं ने पेश किया हिन्दू संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम



**बिलासपुर**। राजस्व कालोनी बस्ती में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें राजस्व कालोनी, संजय हाईट्स, कपिलनगर, चांटीडीह, सागर शिखर, कमलाश्री जीणजी हाईट्स की मातृ शक्तियों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया एवं हिन्दू संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। मंचस्थ अतिथि आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी कुलपति अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर, सेवाव्रता नंद महराज सचिव रामकृष्ण मिशन विलासपुर एवं डॉ इंदू सक्सेना योगाचार्य गायत्री परिवार ने अपना उदबोधन दिया। कार्यक्रम के संयोजक बजरंग सिंह क्षत्रिय एवं सहसंयोजक केतन सिंह रहे। कार्यकम को सफल बनाने में लक्ष्मीकांत जायसवाल, सत्यनारायण परिहार, ओ.पी. मिश्रा, अरुण सोनी, विश्वामित्र कश्यप, विवेक, दिनेश पाण्डेय, सुनील विंचुरकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिविर

## रासेयो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम



**बिलासपुर**। शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बेलटुकरी जयरामनगर में रासेयो का सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की सदस्य रेखा गुल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। शिविर का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जागरूकता, सेवा भावना एवं राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना रहा। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा के माध्यम से नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज के प्रति संवेदनशील बनकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि एम.एम. गुल्ला उपाध्यक्ष सक्षम ने कहा कि एनएसएस युवाओं को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़कर समाधान की दिशा में कार्य करना सिखाती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से नशामुक्ति, स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। धनेश रजक पूर्व सलाहकार अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने कहा कि रासेयो से जुड़े स्वयंसेवक भविष्य के जिम्मेदार नागरिक होते हैं, जो सेवा, त्याग और समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करते हैं। वरिष्ठ स्वयंसेवक चीनू व रंजना जायसी ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। कांति अंचल कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक रासेयो ने बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान एवं रचनात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# फर्स्ट वीकेंड : पर्यटन स्थलों में उमड़ी भीड़





बिलासपुर। नए साल के फर्स्ट वीकेंड संडे पर रतनपुर महामाया मंदिर व खूंटाघाट पर जनसैलाब उमड़ा। सुबह से मंदिर पहुंचकर माथा टेक आशीर्वाद लिया और खूंटाघाट पर्यटन स्थल पर भी बड़ी संख्या में पर्यटकों ने पहुंचकर सैर-सपाटा किया। लोगों ने परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# उपराष्ट्रपति का चुनाव कौन करता है, महानदी की सहायक नदी बताइए?

**व्यापमं ने ली परीक्षा 6 हजार अभ्यर्थी रहें अनुपस्थित**

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को एक पाली में सुबह 11 से दोपहर 1:15 तक हाईकोर्ट के जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट कम्प्यूटर के पदों पर शहर के 51 सेंटरों में परीक्षा ली गई।

**बिलासपुर**। नोडल अधिकारी शिव कुमार कंवर ने बताया कि इस परीक्षा में 17 हजार 362 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें 11 हजार 182 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 6 हजार 180 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति का चुनाव कौन करता है, ग्राम पंचायत की सरंचना व महानदी की सहायक नदियां बताइए, जैसे प्रश्न पूछे गए। परीक्षार्थी रितेश साहू ने बताया कि दो घंटे की इस परीक्षा में 100 नंबर का प्रश्न पत्र था, इसमें गणित,कम्प्यूटर,सामान्य ज्ञान व हिंदी विषय के प्रश्न पूछे गए।

बता दें की व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10:30 बजे तक अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति थी इसके बाद किसी भी को प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले कड़ी स्क्रीनिंग हुई, परीक्षा 11 बजे शुरू हो गई थी। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया।



**कटऑफ जाएगा अधिक**

परीक्षार्थी ने निधी शर्मा ने बताया कि व्यापमं की इस परीक्षा में किसी भी तरह का माइनस मार्किंग नहीं था, व्यापमं की परीक्षा में नहीं तो वन फोर्थ माइनस मार्किंग रहता ही है। इस वजह से परीक्षार्थियों ने सभी प्रश्नों को हल किया और अधिकांश प्रश्न समझ में भी नहीं आने पर भी हल किए हैं, इससे तुक्का सही पड़ने पर नंबर बढ़ सकते हैं, सरल होने से कटऑफ भी अधिक जाएगा।

## सांसारिक माया मोह से ऊपर हैं भगवान शिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





ब्रह्माजी को झूठ बोलने का दिया गया शाप इतना भयानक था कि उसका प्रभाव कलयुग में भी दिखाई देता है। क्रोधित शिव के काल भैरव अवतार ने ब्रम्हा के पांचवें सिर को धड़ से अलग कर दिया। वहीं झूठ का साथ देने के कारण श्रापित केतकी पुष्प को भगवान शिव पर नहीं चढ़ाते हैं। भगवान शिव सांसरिक मोह माया से ऊपर है।

उक्त बातें पत्रकार कॉलोनी में चल रहे शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचिका ईश्वरी देवी ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का न आरंभ है और न ही अंत है। शिव पुराण के अनुसार एक बार ब्रह्माजी और भगवान विष्णु में सबसे श्रेष्ठ कौन है इसे लेकर विवाद हो गया। ब्रह्माजी ने कहा कि उन्होंने संसार की रचना की इसलिए वह सबसे श्रेष्ठ हैं, जबकि भगवान विष्णु ने कहा कि वह संसार के पालनहार हैं इसलिए वे सबसे श्रेष्ठ हैं। विवाद बढ़ने पर ब्रह्मा और विष्णु के बीच भयंकर युद्ध हुआ, तब भगवान शिव ने अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट होकर उसे रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान भगवान शिव ने ब्रह्मा और विष्णु भगवान से कहा कि जो शिवलिंग का छोर सबसे पहले ढूंढ लेगा वह सर्वश्रेष्ठ होगा। अंत में विष्णुजी ने हार मान ली। उन्होंने शिवजी के सामने स्वीकार किया कि वह ज्योतिर्लिंग का अंत नहीं खोज पाए। जबकि ब्रह्माजी को जीतने का एक उपाय सूझा और वे अपने साथ केतकी के फूल को साक्षी बनाकर लाए कि उन्होंने ज्योतिर्लिंग का अंत खोज लिया है। भगवान शिव तो प्रकृति के हर सत्य को जानने वाले हैं, तो भला उनसे ब्रह्माजी का झूठ कैसे छिप पाता।

- पत्रकार कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा

उन्होंने केतकी के फूल से सत्य कहने को कहा लेकिन केतकी के फूल ने भी झूठ बोल दिया। इस पर भगवान शिव क्रोधित होकर ब्रह्मा से कहा कि एक झूठ बोलने वाला देवता सम्मानीय नहीं हो सकता इसलिए परमपिता बनकर भी श्रेष्ठ नहीं हैं। यह कहकर शिव ने 'भैरव' नामक अपने एक अवतार को प्रकट किया।

## सेंदरी में सामूहिक गायत्री जप साधना व दीप यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड ज्योति के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार ने गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अंतर्गत सेंदरी में एक घंटे का सामूहिक गायत्री जप साधना एवं दीप यज्ञ संपन्न कराया।

मीडिया प्रभारी द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ बिनोबानगर, प्रज्ञापीठ सेंदरी, जिला समन्वय समिति बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में हरिहर ऑक्सीजोन क्षेत्र सेंदरी में सामूहिक एक घंटे का गायत्री महामंत्र जप, दीप यज्ञ, आत्मीयता विस्तार स्नेह मिलन, जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। दीप यज्ञ का संचालन उपजोन सह-समन्वयक एवं ट्रस्टी रामकुमार श्रीवास एवं लखन सिंह राजपूत की टोली ने किया। संगोष्ठी में ब्लॉक समन्वयक बिल्हा उधोराम प्रजापति एवं साधुराम कौशिक तखतपुर ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, प्रज्ञापीठ चांटीडीह के सहायक प्रबंध ट्रस्टी लखन सिंह राजपूत, प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह की ट्रस्टी संगीता सिंह, जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार, नारी जागरण जिला प्रमुख प्रभारी आशा सुलतानिया ने भी अपना उद्बोधन दिया। हरिहर ऑक्सीजोन क्षेत्र के विस्तार, वृक्ष गंगा अभियान, तरू पुत्र, तरुमित्र, वृक्षारोपण के संदर्भ में चर्चा की गई।

- गायत्री परिवार का स्नेह मिलन, संगोष्ठी आयोजित



**एक ही दिन कई घरों में यज्ञ कराने का संकल्प**

11 जनवरी को ग्राम निरतू के 151 एवं तथा 14 जनवरी को बिलासपुर के 108 घरों में एक ही दिन गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ को पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर बृजेश साहू, रामगोपाल कश्यप, गणेश श्रीवास, योगिता साहू, पद्मलोचन श्रीवास, नरेन्द्र थवाईत, सेन्दरी से दाताराम, लव प्रजापति, कोनी के रंजीत गढ़ेवाल, जागेश्वरी साहू प्रभारी महिला मण्डल की उपस्थिति रही।


स्पोर्टस न्यूज

**बेहद रोमांचक मुकाबले में शौर्य इलेवन की टीम ने 1 रन से जीता मैच**

## स्ट्रीमिफाई रायपुर ने योद्धा इलेवन को 7 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्व.ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता बिलासपुर जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के सातवें दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच योद्धा इलेवन बिलासपुर और स्ट्रीमिफाई रायपुर के बीच खेला गया। इस मैच के बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलसचिव तरुणधर दीवान, डॉ.आशीष जायसवाल, डॉ.अंकित ठकराल रहे



सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर योद्धा इलेवन बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी योद्धा इलेवन की टीम 10वें ओवर में 81 रन बनाकर आल आउट हो गई।योद्धा इलेवन की ओर से बल्लेबाज प्रमोद ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। अमरकंटक इलेवन की ओर से बल्लेबाज बंटी ने धमाकेदार पारी खेलते हुए 42 रन बनाए। स्ट्रीमिफाई रायपुर के गेंदबाज इजहार और पंकज ने 3- 3विकेट अर्जित किए। 82 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्ट्रीमिफाई रायपुर की टीम ने सलामी बल्लेबाज सैय्यद के शानदार अर्धशतकीय पारी की मदद से 8वें ओवर में ही 82 रन बनाकर 7 विकेट से यह मैच जीत लिया। स्ट्रीमिफाई रायपुर के बल्लेबाज सैय्यद को उनकी शानदार अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**शौर्य इलेवन ने जीता मैच**

दूसरा मैच शौर्य इलेवन और स्ट्रीमीफाई रायपुर के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर खान,गुजराती समाज के अध्यक्ष केतन सुतारिया,सौरभ सोनाक्षात्रा,सतीश गोहिल,अरविंद भानुशाली,कपिल शुक्ला,पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुनीता जगत,मनीष वर्मा उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। स्ट्रीमीफाई रायपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करने उतरी शौर्य इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 92 रन बनाए।शौर्य इलेवन की ओर से बल्लेबाज अंकुर और कपिल ने 24 - 24 रन बनाए। 93 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्ट्रीमीफाई रायपुर की टीम 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 91 रन ही बना पायी।इस प्रकार इस बेहद रोमांचक मुकाबले को शौर्य इलेवन की टीम ने 1 रन से जीत लिया।

## 75वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल में पहला मैच जीता




छत्तीसगढ़ राज्य की बास्केटबॉल टीम 75वी सीनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चेन्नई पहुंच गई है। पुरुष टीम का पहला मैच मेघालय से हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ पुरुष टीम ने मेघालय को 73-48 अंको से पराजित किया। टीम के लिए संजय ने 19 अंक,किरणपाल ने 17 अंक,राहुल ने 6 अंक,लुमेन्द्र ने 2 अंक,वसंत के 6 अंक,सैम ने 6 अंक,सैफ ने 10 अंक सैम,अनमोल 2 अंक,रजत 2 अंक,साहिल 1 अंक,अनिमेष 2 अंक बनाएं। छत्तीसगढ़ की महिला टीम का आज रेस्ट था कल उनका मैच दिल्ली से एवं पुरूष टीम का मैच त्रिपुरा से होगा। छत्तीसगढ़ पुरूष टीम किरणपाल सिंह (कप्तान), लुमेन्द्र साहू, वसंता, सैम- एसईसीआर, संजय,राहुल हडलेशकर,अनिमेष राव,सैफ हाशमी,साहिल, प्रदीप, अनमोल सोनी थे।



## बास्केटबॉल टीम चैंपियनशिप के लिए कोलकाता रवाना

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम ईस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल पुरुष चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए कोलकाता के लिए रवाना हुई।

यह प्रतियोगिता कोलकाता में आयोजित की जा रही है, जो 5 से 9 जनवरी तक चलेगी। प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों के लिए देवकीनंदन स्कूल बास्केटबॉल कोर्ट में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को प्रशिक्षण कोच आनंद सिंह द्वारा खिलाड़ियों को तकनीकी एवं शारीरिक रूप से तैयार किया गया। टीम में चयनित खिलाड़ियों में अमन तिवारी, अभिषेक आर्य, हर्ष सिंह ठाकुर, विराज मलिक, रूपेश सिंह, गणेश मालवीय, विवेक लहरे, ओम पटेल, अबू तालिब खान, अभिनय पाठक एवं अजय यादव शामिल हैं। टीम के कोच अर्पण मिश्रा हैं,जबकि टीम मैनेजर के रूप में ऋषभ हेडलेस्कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन, खेल विभाग एवं छात्र समुदाय ने टीम को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



यशस्वी मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
के कुशल मार्गदर्शन में तखतपुर विधानसभा के

मान. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर विधानसभा

मान. अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग.शासन

सकरी में 45 करोड़ 47 लाख 55 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम

के मुख्य अतिथि- श्री अरुण साव जी माननीय उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

अध्यक्षता- श्री धर्मजीत सिंह जी माननीय विधायक तखतपुर,

अति विशिष्ट अतिथि- श्रीमती पूजा विधानी जी माननीया महापौर नगर निगम बिलासपुर,
श्री सुशांत शुक्ला जी माननीय विधायक बेलतरा

विशिष्ट अतिथि- श्री राजेश सूर्यवंशी जी माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत, बिलासपुर

कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का वंदन..नंदन..अभिनंदन...





छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्लपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड उरलापुर सकरी में 1.50 एकड़ भूमि पर 224 बेडेड कामकाजी महिला छात्रावास भवन का निर्माण कार्य परियोजना राशि 26 करोड़ 15 लाख का भूमिपूजन

सकरी वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 में विकास कार्यों का भूमिपूजन...

वार्ड क्र. 03 में रजबंधा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य 2 करोड़ 21 लाख 92 हजार, वार्ड क्र. 02 पुराना बाजार में शैड निर्माण, रामसदन कार्य 50 लाख, 15वीं वित्त आयोग अंतर्गत सकरी, घुरू में जल आवर्धन योजना से टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य 5 करोड़, वार्ड क्र. 01 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क, नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्य 30 लाख 58 हजार, वार्ड क्र. 02 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क, नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्य 36 लाख 38 हजार, वार्ड क्र. 03 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क, नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्य 2 करोड़ 49 लाख 90 हजार, वार्ड क्र. 04 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क, नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्य 1 करोड़ 20 लाख 14 हजार।

सकरी वार्ड 1, 2, 3, 4 में विकास कार्यों का लोकार्पण ...

वार्ड क्र. 03, सतनाम नगर अमेरी में सामुदायिक भवन निर्माण 20 लाख, वार्ड क्र. 03 में जंतू मरकाम के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण 20 लाख, वार्ड कमांक 01 सकरी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 25 लाख, वार्ड क्र. 02 शास. प्राथमिक शाला सकरी में बोर खनन एवं शौचालय निर्माण कार्य। आसमां सिटी में मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य 17 लाख, वार्ड क. 01 शास. बचन बाई उच्च.मा. शाला सकरी में बाउण्ड्रीवॉल एवं लैण्डस्कैपिंग कार्य 1 करोड़, वार्ड क्र. 02 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सडक एवं नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्य 82 लाख 34 हजार, वार्ड क्र. 03 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सडक एवं नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्य 1 करोड़ 92 लाख 82 हजार, वार्ड क. 02 नया बाजार में इंटरलॉकिंग एवं कांकीटीकरण कार्य 50 लाख, वार्ड क्र. 04 गोकुल धाम में कुत्ता नसबंदी केन्द्र निर्माण कार्य 89 लाख 71 हजार, वार्ड क्र. 04 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सडक एवं नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्य 1 करोड़ 26 लाख 76 हजार।

हिलेंद्र ठाकुर का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से

कार्यक्रम : 5 जनवरी सोमवार प्रात: 10.30 बजे
स्थान : बचन बाई बाल सुंदर शा. हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान सकरी

संकलनकर्ता
राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी
मो. 9300327303



## खबर संक्षेप

### सरजू बगीचा में डंप हो रहा कचरा



**बिलासपुर।** तेलीपारा से सरजू बगीचा की ओर जाने वाली सड़क में नगर निगम की सफाई गाड़ी ने दूसरी जगह से कचरा लाकर डंप कर दिया है। यह सड़क आगे जाकर मसानमंज रोड से जुड़ती है, जो कि पूरी तरह न केवल घनी बसाहट, बल्कि व्यवयायिक क्षेत्र भी है। यहां स्थानीय रहवासियों का चौबीसों घंटे आवागमन होता है। मार्ग में नगर निगम के लिए कचरा कलेक्शन वाला डस्टबिन रखा गया है, जहां रहवासी अपने कचरे डालते हैं। इसके विपरीत नगर निगम की कचरा गाड़ी के द्वारा डस्टबिन के पास ही अन्यत्र मोहल्ले से कचरा लाकर यहीं उड़ेल दिया गया है, जिससे रहवासियों को बदबू एवं गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। यहां रखे गए डस्टबिन की गंदगी को फेंकने के बजाए निगम के सफाई कर्मचारियों के द्वारा अन्यत्र की गंदगी यहां लाकर डंप कर देने के कारण स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

### महाराणा चौक में लगा जाम, एंबुलेंस भी फंसी

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक में रविवार को सिग्नल पर लंबा जाम लग गया। सिग्नल के एक ओर ग्रीन के बाद रेड होने के बाद भी लोगों की आवाजाही बनी ही रही, जिससे सामने से ग्रीन सिग्नल वालों की भीड़ जाकर एक दूसरे के साथ मिल गई और चौक में गाड़ियों की बड़ी संख्या इकट्ठी हो गई। देखते ही देखते यहां जाम लग गया। जाम में एक एंबुलेंस भी फंसी थी, जिसे काफी मशक्कत के बाद भी आगे जाने के लिए जगह नहीं मिल सकी। जाम में फंसे वाहनचालकों एवं पुलिसकर्मियों के द्वारा काफी देर बाद एंबुलेंस को जगह दिलाई जा सकी।

### आम आदमी पार्टी की छग बचाव यात्रा 11 को

**बिलासपुर।** रविवार 4 जनवरी को आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष खगेश चंद्राकर ने की। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भानु चंद्र एवं बिलासपुर जोन प्रभारी अरुण नायर उपस्थित रहे। अध्यक्ष भानु चंद्रा ने पार्टी के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की एवं 11 जनवरी से ब्लॉक लेवल पर बिलासपुर लोकसभा की सभी विधानसभाओं में छत्तीसगढ़ बचाओं यात्रा निकल जाने को लेकर को लेकर जानकारी साझा की। पार्टी के आगामी रणनीति के बारे में बताया । नवनियुक्त बिलासपुर जोन प्रभारी एवं प्रदेश संगठन मंत्री अरुण नायर ने संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की समस्या को सुनकर उसका समाधान किया गया। जिला अध्यक्ष यूथ विंग नुरुल हुदा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। यह जानकारी इरफ़ान सिद्दीकी ने दी।

**जाम से लोग त्रस्त:** अधिकांश चौराहों पर लेफ्ट साइड से निकलने की जगह नहीं, चौराहों के लेफ्ट साइड, पाथवे पर वाहन खड़े करते हैं लोग

# शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं, अब भी सड़क पर खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ओर शहर में यातायात सुरक्षा माह मनाया जा रहा है,वहीं दूसरी ओर पूरे शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त है, यह व्यवस्था भगवान के भरोसे ही है। प्रमुख मार्गों में अब भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिससे दुकानों के सामने सड़क पर दोपहिया व चार पहिया वाहन खड़े हो रहे हैं और इसके चलते ट्रैफिक जाम हो रहा है। इसी तरह चौक चारौहे पर लगाए अधिकांश ट्रैफिक सिग्नल में लेफ्ट साइड नहीं है, जहां है वहां वाहन खड़े हो रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस चौराहों की व्यवस्था सुधारना छोड़, वाहन चेकिंग में व्यस्त रहती है।

- ट्रैफिक पुलिस चौराहों की व्यवस्था सुधारना छोड़, वाहन चेकिंग में व्यस्त



सत्यम चौक से अग्रसेन चौक की ओर जाने वाली सड़क पर अवैध पार्किंग पर खड़ी हो रही गाड़ियां।

### इंदु चौक से अग्रसेन चौक तक बदहाल व्यवस्था



इंदू चौक से अग्रेसन चौक तक बड़ी संख्या में छोटी बड़ी दुकान व शोरूम, निजी हास्पिटल संचालित हो रहे हैं। इस मार्ग में सभी दुकानदारों ने पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी है। लोगों के पैदल चलने के लिए नाली के ऊपर फुटपाथ बनाया गया है। व्यापारियों ने इस पर कब्जा कर लिया है। वहीं दुकानों के सामने व्यापारियों के दोपहिया व चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। उसके बाद खरीददारी करने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर खड़े कर घण्टों खरीददारी करने में व्यस्त रहते हैं।

### सत्यम चौक से सीएमडी चौक तक व्यवस्था ध्वस्त



सत्यम टाकीज चौक से सीएमडी कालेज चौक तक सुबह से लेकर देर रात तक यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से आधी सड़क पर दोपहिया व चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। आधी सड़क पर आवागमन होते रहता है। शाम ढलने के बाद इस मार्ग में ट्रैफिक का दबाव चरम पर पहुंच जाता है और वाहन दौड़ने रेंगने लगते हैं। इस सड़क पर व्यवस्था सुधारने की कवायद की जाती है, वाहनों को जब्त कर चालान किया जाता है, उसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरती।

### लेफ्ट साइड से मुड़ने की जगह नहीं



शहर के प्रमुख चौक नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक, गांधी चौक, सीएमडी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, तारबाहर चौक, अग्रसेन चौक, महाराणाप्रताप चौक, अमेरी चौक, नर्मदा नगर चौक, मंगला चौक, इंदु चौक, मगरपारा चौक, महामाया चौक, बसंत विहार चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाई गई हैं। इसमें से अधिकांश चौक पर लेफ्ट साइड से वाहन निकालने की जगह नहीं रहती, लेफ्ट साइड पर लोग वाहन लेकर खड़े हो जाते हैं, इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। महाराणाप्रताप चौक व श्रीकांत वर्मा मार्ग चौक के लेफ्ट साइड में गैस पाइप लगाकर छोड़ दिया गया है, जिससे लेफ्ट साइड से वाहन नहीं निकल पाते हैं।

### महाराणाप्रताप चौक पर लग रहा लंबा जाम




महाराणाप्रताप चौक की ट्रैफिक व्यवस्ता सुधारने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं। उसके बाद भी यहां अव्यवस्था का आलम रहता है। चौक के आसपास में कतार से आटो खड़े रहते हैं। उसके बाद यात्री बस चलाने वालों ने यहां स्टापेज बना लिया है। इसके अलावा नेहरू चौक जाने के लिए लेफ्ट साइड की व्यवस्था नहीं है बीच में गैस पाइप लगा दिया है। जिससे वाहन सवारों को आए दिन जाम में फंसकर हलाकान होना पड़ा है। वहीं ट्रैफिक चौक में नेहरू चौक जाने वाले मार्ग में सड़क किनारे वाहनों को रोककर जांच करने में व्यस्त रहते है। व्यवस्था बनाने काई नजर नहीं आता है। यह समस्या आज की नहीं रोज की है जहां लोग प्रतिदिन ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर परेशान होते हैं और जल्दी जाने के फिराक में रांग साइड का रास्ता अख्तियार करते हैं इससे अन्य लोगों को भी परेशानी होती है।

### सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने ठेले वालों का कब्जा




प्रशासन के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर अरपापार नूतन चौक में सेंट्रल लाइब्रेरी बनाई गई है। यहां पढ़ाई करने जाने वाले छात्र छात्राओं के लिए सामने में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आलम यह है कि सामने ठेला, गुमटी वालों ने कब्जा कर लिया गया है। शाम ढलते ही ठेलों में असामाजिक तत्वों व नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। इससे छात्र छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के चौक चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाकर भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। आलम यह है कि सिग्नल चल रहा है कि नहीं देखने वाला कोई नहीं रहता है। वर्तमान में नर्मदा नगर चौक, इंदु चौक, मगरपारा चौक में लगे सिग्नल लंबे अरसे से बंद पड़ा है। उसे सुधारने की कोई सुध नहीं ले रहा है। चारों ओर से वाहनों के प्रवेश करने से आए दिन जाम में में फंस जाते हैं।

### ई चालान से आमजनता त्रस्त

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। उसके बावजूद प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के घरों में ट्रैफिक नियम तोड़ने के नाम पर भारी भरकम ई चालान की नोटिस भेजा जा रहा है। ई चालान पटाने आमजनता की कमर टूट जा रही है।

### कार्रवाई की जाएगी

समय समय पर नगर निगम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर फुटपाथ, सड़क पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। बंद ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी लेकर चालू कराया जाएगा। लेफ्ट साइड में वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**-रामगोपाल करियारे**
एडीशनल एसपी

# एक ही दिन में चाकू, धारदार हथियार से 8 लोगों पर हमला, सभी सिम्स में भर्ती





घायल पति-पत्नी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैसे के विवाद में पति ने पत्नी पर चाकू से हमला करने के बाद खुद को चाकू मार लिया। इसी तरह अन्य दो घटनाओं में 6 लोगों पर चाकू व धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

मनेन्द्रगढ़ निवासी मंगली बाई बसौड़ ने बताया, विगत कुछ सालों से उनका परिवार बिलासपुर आकर मंगला चौक सांई भोजनालय के पास रहकर भीख मांगता है। 3 जनवरी की रात उनका दमाद संतोष बसौड़ उनकी बेटी रीनू बाई बसौड़ ने 1000 रुपए निकालकर खर्च कर दिया। 4 जनवरी की सुबह पैसा चोरी कर लेने की जानकारी होने पर उनके बेटी व दमाद के बीच विवाद शुरू हो गया। सड़क पर दोनों एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान दमाद संतोष बसौड़ ने आक्रोशित होकर अपनी पत्नी रीनू बाई पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। उसके बाद स्वयं चाकू अपने ऊपर हमला करने लगा। चाकूबाजी की वारदात से चौक में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिवार के सदस्यों के द्वारा घायल दोनों पति पत्नी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## बिल्हा बरतोरी में दो युवकों पर चाकू से हमला





बोड़सरा निवासी सत्यप्रकाश सोनवानी ने बताया, 3 जनवरी को वे अपने दोस्त दिव्यांग उतरा मारखाण्डे, नरेन्द्र बंजारे व अन्य के साथ 15 किलो मीटर दूर रामपुर मेला घूमने गए थे। रात 8 बजे वे दोस्तों के साथ गांव लौट रहे थे। रास्ते में बिल्हा बरतोरी के पास ठेला में रूककर एगरोल खा रहे थे। इसी दौरान सेवती निवासी करन वर्मा, निषार मनहर, क्रिस व एक अन्य युवक आए और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर चोरों युवकों ने दिव्यांग उतरा, नरेन्द्र के साथ डंडा से मारपीट कर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### पौंसरा में चार युवकों पर हमला

कोनी पुलिस के अनुसार, ग्राम पौंसरा निवासी धरमलाल भार्गव पिता स्व. धनसाय भार्गव 3 जनवरी की शाम अपने घर में थे। शम 7 बजे मोहल्ले में संदीप भार्गव व संजय सोनी के बीच विवाद हो रहा था। वह लड़ाई झगड़ा छुड़ाने गए तो संदीप भार्गव ने तूम बीच बचाव करने मत आओ ठीक नहीं होगा कहकर लाठी से सिर में मारा और अपने भाई अमन भार्गव, अनिकेत भार्गव को बुलाकर गाली गलौज करते हुए अनिकेत ने अपने हाथ रखे लोहे के धारदार हथियार, अमन ने नुकली वस्तु से हमला कर दिया। धरमलाल पर धारदार हथियार से हमला होते देख विरेन्द्र भार्गव, रिषी भागर्व, दीपक भार्गव बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# दबंगईः एएसआई ने रिश्तेदारों के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन विवाद में एएसआई ने वर्दी का खौफ दिखाते हुए रिश्तेदारों के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम पंधी निवासी बबली शर्मा पति हितेश शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। 3 जनवरी को सुबह 9 बजे वे घर में थीं। उसी समय उनके कोठार में तार घेरे को रिश्तेदार तारबाहर थाने में पदस्थ एएसआई संजय शर्मा, राजीव शर्मा, आंचल शर्मा काट रहे थे। उन्होंने तार काटने से मना किया तो तीनों हमारा कोठार है कहते हुए जबरन तार को काटने लगे। उनके ससुर रमेश शर्मा ने मना किया तो एएसआई व उनके घरवालों ने वर्दी का खौफ दिखाते दबंगई कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उनके ससुर को लोहे की वस्तु व डंडे से बेरहमीपूर्वक मारपीट की है। उनके पति हितेश शर्मा के साथ राजीव शर्मा ने लोहे के वस्तु एवं आंचल ने हाथ मुक्का डंडा से जमकर मारपीट की है। वहीं दूसरे पक्ष से राजीव शर्मा ने आरोप लगाया है वे अपनी बहन स्वस्ति शर्मा के साथ अपने कोठार गए तो हितेश शर्मा ने जाली तार से घेरा बंदी कर दिया था, वे उसे हटा रहे थे। उसी समय हितेश शर्मा, रमेश शर्मा, बबली शर्मा राकराय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए विवाद करने लगे। उनके पिता संजय शर्मा आए तो हितेश शर्मा ने कोई लोहे की वस्तु से मारपीट की है। पुलिस ने बबली शर्मा की रिपोर्ट पर एएसआई संजय शर्मा, राजीव शर्मा, आंचल शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व राजीव शर्मा की रिपोर्ट पर हितेश शर्मा, रमेश शर्मा, बबली शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- जमीन विवाद पर मारपीट, दोनो पक्षों पर जुर्म दर्ज

### कार की टक्कर से एक्टिवा सवार घायल, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, खुरदुर नयापारा निवासी राकी यादव पिता शत्रुहन लाल यादव जरहाभाठा मंदिर चौक में रहकर गुरूनानक मोटर्स में काम करते हैं। 3 जनवरी दोपहर में वे एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एनसी, 8440से मोटर पार्ट्स का सामान छोड़ने के लिए नया बस स्टैण्ड तिफरा जा रहे थे। तिफरा ओवरब्रिज से उतरते समय सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एएक्स, 7791 के चालक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में राकी यादव घायल हो गए और कार व एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राकी यादव की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## जम्मू और उधमपुर तक नहीं जा रही दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस, लोग परेशान

**बिलासपुर।** विगत दिनों भूस्खलन के कारण ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके कारण जोन के दुर्ग, रायपुर और उसलापुर से जम्मूतवी तक जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन पांच माह तक प्रभावित रहेगा। मंगलवार और बुधवार को चलने वाली ट्रेनें ऊधमपुर तक नहीं जा रही है, जिसके कारण यात्रियों का सफर अंबाला और जालंधर तक ही हो रहा है।

जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे के जम्मूतवी क्षेत्र में विगत दिनों हुए भूस्खलन के कारण रेलवे के ब्रिज भी क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके कारण ट्रेन रूट भी पूरी तरह से ठप पड़ गया था। इसकी वजह से जम्मूतवी की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों को संबंधित स्टेशन से पूर्व लाने के उपरांत वापस करने का आदेश रेलवे बोर्ड ने जारी कर दिया। इसमें दूसरे जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन के रायपुर डिवीजन अंतर्गत दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, अनूपपुर, शहडोल, कटनी होकर मंगलवार और बुधवार को चलने वाली दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर का परिचालन अप्रैल तक प्रभावित हुआ है। इसमें दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर एक्सप्रेस 25 मार्च तक अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त करने के बाद अंबाला कैंट से शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के बीच रद्द की जाएगी।

## चुचुहियापारा में पुलिस की धमक नशेड़ियों ने की उठक बैठक

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस ने चुचुहियापारा के नशेड़ियों के अड्डे में दबिश देकर नशेड़ियों को पकड़कर उनकी जमकर खातिरदारी की। उसके बाद बीच सड़क में उठाकर बैठक कराते हुए उन्हें थाने ले जाया गया। पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने रविवार की शाम सिरगिट्टी पुलिस के साथ विवादित एरिया चुचुहियापारा में नशेड़ियों के अड्डे में दबिश दी। पुलिस को देखकर नशेड़ियों में हड़कंप मच गया और वे भागने की कोशिश करने लगे। नशेड़ी इतने नशे में थे भाग नहीं पा रहे थे और गिर जा रहे थे। पुलिस ने नशेड़ियों को पकड़कर जमकर खातिरदारी की। उसके बाद बीच सड़क पर नशेड़ियों को उठक बैठक कराते हुए थाने लेकर गई। नशेड़ियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले सिरगिट्टी पुलिस ने नशेड़ियों के अड्डे में दबिश देकर नशा करते 19 नशेड़ियों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी। पुलिस की लगातार कार्रवाई से क्षेत्र के नेशड़ियों व गुण्डा बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152






## खबर संक्षेप

### मुंगेली की जया का अयोध्या के राष्ट्रीय मंच में सम्मान




**मुंगेली।** विगत दिवस राम की नगरी अयोध्या उत्तरप्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महिला महासभा के प्रबंध समिति की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष बीना केशरवानी लखनऊ द्वारा आयोजित किया गया। बैठक में मुंगेली नगर की राष्ट्रीय संगठन मंत्री जया गुप्ता को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला महासभा बीना केशरवानी लखनऊ द्वारा योग विषय पर जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया। जया मुंगेली नगर केशरवानी समाज के इतिहास में प्रथम महिला सदस्य हैं जिन्हें राष्ट्रीय महासभा में राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री एवं वर्तमान में राष्ट्रीय संगठन मंत्री जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हेतु दूसरी बार स्थान दिया गया है।

### गंगा आरती कर किया गया माता परमेश्वरी का स्वागत



**मुंगेली।** देवांगन समाज द्वारा सात दिवसीय माता परमेश्वरी महापुराण कथा का आयोजन 5 से 11 जनवरी तक देवांगन मोहल्ला स्थित देवांगन बाड़ा राजेंद्र वार्ड में किया जा रहा है। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर श्रीविनायक गणेश उत्सव समिति एवं द लायन ग्रुप के माध्यम से माता परमेश्वरी का आगमन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। सामाजिकजनों ने माता का गंगा आरती कर भव्य स्वागत किया। माता के आगमन को लेकर पूरे नगर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है तथा देवांगन समाज सहित सर्व समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। कथावाचक भूपेंद्र देवांगन छोटू एवं पाठक साधक भरत देवांगन चंदरपुर वाले हैं। प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक कथावाचन किया जाएगा। देवांगन समाज के जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन एवं मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन ने बताया कि सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव के लिए भव्य तैयारी की गई है।

### सामाजिक मिलन समारोह को लेकर कलार समाज की बैठक



**पथरिया।** डडसेना (कलार) समाज विकास समिति युवक-युवती परिचय एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 18 जनवरी को जायसवाल पैलेस, चांटीडीह बिलासपुर में होगा। जिसको लेकर पथरिया रेस्ट हाउस में कलार समाज की बैठक हुई। बैठक में समाज विकास और समरसता मूलक विषयों पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर नगर पंचायत सभापति मेलाराम डडसेना, कलार समाज विकास समिति के सदस्य मयाराम जायसवाल, दुर्गा जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, तिजऊ राम जायसवाल, बद्रीविशाल पथरिया समाज से बलदाउ जायसवाल, चंद्रकुमार डडसेना, बलराम जायसवाल, देवेन्द्र डडसेना, सूरज जायसवाल, सम्पत जायसवाल, पीलाराम जायसवाल आदि समाज प्रमुख उपुस्थित हुए।

### डॉ. अनुराधा के कहानी संग्रह मुखौटा का विमोचन



**भर्रीडांड़।** लेखिका डॉ. अनुराधा शुक्ला की नवीन कहानी संग्रह मुखौटा का विमोचन सम्पन्न हुआ। डॉ. शुक्ला महाकाल शिक्षा एवं समाज सेवा समिति, जिला अनूपपुर (मध्यप्रदेश) की संरक्षक हैं। वे एक सक्रिय समाजसेवी होने के साथ-साथ हिंदी साहित्य की सशक्त और संवेदनशील लेखिका के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। उनके शोध पत्र देश की कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं एवं यूजीसी-केयर सूचीबद्ध जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं, जो उनकी अकादमिक गंभीरता और शोधपरक दृष्टि का प्रमाण हैं। यह कृति संदर्भ प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसे साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, तथा मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, भोपाल का सहयोग प्राप्त हुआ है।

### चलित चिकित्सा वाहन को झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**मुंगेली।** पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत लोरमी विकासखंड में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजातियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन की ओर से उपलब्ध कराए गए चलित चिकित्सा वाहन को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय ने आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन में चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, कम्पाउंडर सहित आवश्यक खून जांच एवं दवाइयों की व्यवस्था एवं अन्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। यह वाहन लोरमी के बैगा बस्तियों के बसाहटों में जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा। इससे विशेष जनजाति समूह के गांवो में मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं चिकित्सकीय टीम से आमजनों को इसका लाभ मिलेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके राय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सहित अन्य चिकित्सा स्टाफ मौजूद थे।

### प्राथमिक शाला भवन का होगा निर्माण

# गुरु घासीदास के बताए के संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोतः साव

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को ग्राम पथरताल में बड़े तालाब से रहन नदी तक पक्की नाली निर्माण के लिए 7 लाख 50 हजार रुपए की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम में प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए शीघ्र प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी दी, जिससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक श्री साव ग्राम पथरताल में आयोजित बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास एवं जोड़ा जैत खाम की पूजा अर्चना कर ग्रामीणों को संबोधित किया। श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास के बताए सत्य, अहिंसा और मानवता के संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि बाबा जी का जीवन हमें सत्य के मार्ग पर चलकर भेदभाव से ऊपर उठने और सेवा भाव के साथ समाज को सकारात्मक दिशा देने की सीख देता है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह , जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर , जिला पंचायत सदस्य कुंती उदय जायसवाल , सरपंच दुर्गा सरोज डाहिरे धनीराम यादव, उदय जायसवाल, दिनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, दिनेश कश्यप, जनपद सदस्य सुरजीत भार्गव, विनय साहू, गुरमीत सलूजा, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, राजेंद्र साहू, भवानी शंकर साहू, हीरा साहू, उत्तम साहू, संदीप सोनी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



**राजपूत क्षत्रिय समाज के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिलः** ग्राम झाफल आयोजित राजपूत क्षत्रिय समाज के शपथ ग्रहण समारोह में अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने समाज सेवा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान किया, जिससे नई पीढ़ी को सामाजिक कार्यों से प्रेरणा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि लगभग 40 वर्षों के बाद राजपूत समाज को नया नेतृत्व मिला है, जो समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज संगठित रहेगा तो सम्मान और पहचान दोनों बढ़ेंगी। समाज के लिए किया गया कार्य प्रेरणादायी होता है। उन्होंने झाफल में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की।

**इन्होंने ली शपथः** राजपूत क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ समाजसेवी कपिल सिंह को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। झाफल में अध्यक्ष भीषम सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष जय सिंह राजपूत, रामनिवास सिंह फौजी, लोकेंद्र सिंह राजपूत, अर्जुन नरोत्तम सिंह, चैतराम सिंह राजपूत, कृष्णाकुमार राजपूत, सचिव गिरवर सिंह राजपूत, सह सचिव जयजय राम, अशोक सिंह फोजी, कोषाध्यक्ष भोलाराम राजपूत, सह कोषाध्यक्ष चन्द्रकुमार सिंह, महामंत्री के पद सीएस राजपूत, रामावतार सिंह राजपूत, तीतरा सिंह राजपूत, जेठू सिंह राजपूत, विधि प्रमुख दिनेश सिंह, चन्द्रसेन सिंह, संगठन मंत्री चंद्रहाश सिंह, हीरा सिंह, घजेंद्र सिंह, पालेश्वर सिंह, कोमल सिंह अरविन्द सिंह, भगवान सिंह, सलाहकार दामोदर सिंह, रवि सिंह, श्याम सिंह, नरेन्द्र सिंह, उलटाम सिंह, गूंजाम सिंह, मिडिया प्रभारी सालिक सिंह, ओमकार सिंह, सूचना प्रभारी सुरेश सिंह ने शपथ ग्रहण की।

## समर्पण की प्रेरणा देता है शहीद वीरनारायण सिंह का जीवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिले के कोदवाबानी में स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने शहीद वीरनारायण सिंह के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, स्वाभिमान और समाज के हित में समर्पण की प्रेरणा देता है। उनका बलिदान हमें सदैव देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता रहेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस समाज ने अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए हर दौर में संघर्ष किया है। बिरसा मुंडा से लेकर शहीद वीरनारायण सिंह तक अनेक वीर सपूतों ने समाज और देश का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज युवा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पोर्ते, केंद्रीय गोंड महासभा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र मरावी, सुरेंद्र सोरी, उत्तम ध्रुव, जिगेश्वर ध्रुव, नोहर केसर, शैलेन्द्र ध्रुव, धर्मेंद्र मरकाम, गुलाब मंडावी, मंतराम ध्रुव, गिरीश ध्रुव, मनहरन सिंह पोर्ते, नोहर केसर, मंजू केसर, रमेश केसर, गिरीश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, देवचरण भास्कर, उमाशंकर साहू, डॉ. उदय जायसवाल, सरपंच दीपिका विकास, सामाजिक पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर मातृ सम्मेलन



**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान की ओर से सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर मातृ सम्मेलन एवं समाज कल्याण तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए अशासकीय विद्यालय की महिला संचालकों एवं प्राचार्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर, उपाध्यक्ष एसपी कौशिक, अतिविशिष्ट अतिथि सुश्री कृष्णा काले, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी के विशेष प्रतिनिधि विमित्र घृतलहरे तथा विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी सोनी एवं शांति भास्कर की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सावित्री बाई फुले, मिनीमाता, डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं संस्थाध्यक्ष की दिवंगत माता स्व नीरादेवी के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर प्रार्थना की। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि, आजादी के पहले तक भारत में महिलाओं की गिनती दोयम दर्जे में होती थी, उन्हें शिक्षा का अधिकार तक भी नहीं था। ऐसे समय में सावित्रीबाई फुले ने जो कर दिखाया वह कोई साधारण उपलब्धि नहीं थी। अंत में समाज कल्याण तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए महिला संचालकों एवं प्राचार्य स्व गीताराय के प्रतिनिधि गीता देवांगन, शांति भास्कर, लक्ष्मी सोनी, कृष्णा काले, सुचित्र श्रीवास्तव के प्रतिनिधि, विमित्र घृतलहरे एबीईओ, आशा दिवाकर प्राचार्य एवं अनिता साहू प्रधानपाठक, खेमलता रात्रे, अलीमून निशा, रश्मि तंबोली, रोशनी गोस्वामी, रीना अनंत को क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले नारीरत्न सम्मान 2026 से शाल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अंत में संस्थाध्यक्ष की दिवंगत माता नीरादेवी के निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्र, शिक्षक-शिक्षिकाएं, महिला अभिभावक एवं संस्था परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आगामी विधानसभा सत्र में उठाएंगे राज्य स्वर्णकला बोर्ड की मांगः धर्मजीत




**तखतपुर।** सोनार समाज कल्याण समिति द्वारा श्री अजमीढ़ महाराज की शोभायात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शोभायात्रा महाआरती पश्चात राम जानकी छोटे मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्रीराम सदन परिसर पहुंची।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि में सोनार समाज महासभा प्रांतीय अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी विधायक रायपुर दक्षिण सुनील सोनी छग सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष कमल सोनी पूर्व नगर पालिका मुंगेली अध्यक्ष अनिल सोनी पूर्व विधायक राजू सिंह क्षत्रीय प्रदेश मंत्री भाजपा हर्षिता पाण्डेय प्रदेश पदाधिकारी अमरनाथ सोनी रामकुमार सोनी ध्रुव सोनी पांडातराई नपा अध्यक्ष सरिता सोनी चंद्रप्रकाश सोनी उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रविन्दर कौर मक्कड़ ने की। समाज की प्रतिभाओं व वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। डॉ.धर्मजीत सिंह ने सोनार समाज को संबोधित करते हुए कहा कि सोनार समाज को संगठित होने की जरूरत है। तभी इस बिरादरी का विकास संभव है। आगामी होने वाले विधानसभा सत्र में राज्य स्वर्णकला बोर्ड की मांग विधानसभा में उठाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन राजेश सोनी ने किया। इस अवसर पर केडी सोनी, अध्यक्ष राजेश सोनी, संजय सोनी, इंद्र सोनी, मनोज सोनी, सालिक सोनी, ओंकार सोनी, सूरज सोनी, गणेश सोनी, राजू सोनी, कन्हैया सोनी, मनोहर सोनी, विष्णु सोनी, रिंकु सोनी, प्रियांशु सोनी, विजय सोनी, राजेश सोनी, शिव सोनी, कैलाश सोनी, रमेश सोनी, पारस सोनी, योगेंद्र सोनी, श्याम सोनी आदि मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भूपेश का पुतला दहन



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपमानजनक शब्द का प्रयोग कर अपमानित करने के विरोध में भूपेश बघेल का परशुराम चौक में पुतला दहन किया गया। पुतला दहन का कार्यक्रम मुंगेली, लोरमी और बिल्हा विधानसभा अंतर्गत मुंगेली, लोरमी और पथरिया में पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय से परशुराम चौक पुराना बस स्टैंड मुंगेली तक भूपेश बघेल का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए लाया गया और उसके बाद परशुराम चौक में पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, द्वारिका जायसवाल, मोहन भोजवानी, विनय पाण्डेय, किशोरीलाल केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, कोटूमल दादवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नगर भाजपा अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, सेतगंगा मंडल अध्यक्ष सुखचंद साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमितेश आर्य, आसिफ खोखर, यश गुप्ता, राकेश साहू, करण सिंह, विजय यादव, डोमन दीक्षित, विजेन्द्र देवांगन राजू, सत्तू सिंह, चित्रकान्त सिंह, वासु देवांगन, होरी सोनकर, सचिन यादव, सरस्वती सोनी, श्वेता सोनी, रितिमा लाल, हीरालाल साहू, लवलेश सिंह, रविंद्र केशरवानी, रोशन सोनी, सत्तू सिंह, राजू देवांगन, पंकज सोनी, जितेंद्र साहू एवं महेंद्र पारख सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसआईआर को लेकर दावा आपत्ति 22 जनवरी तक

**मुंगेली।** जिले में गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर जारी है। इसके अंतर्गत निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने अथवा विलोपित किए जाने के संबंध में दावा–आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है। 14 फरवरी 2026 तक दावा–आपत्तियों के निराकरण का कार्य किया जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान ऐसे मतदाता जिनको सी कैटेगरी में रखा गया है, उनको अपने उम्र के वर्ग के अनुसार से निर्धारित दस्तावेज की मांग के लिए नोटिस तामिल किया जाएगा। इसके साथ ही साथ जो मतदाता 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनसे फॉर्म 6 के द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन भी प्राप्त किया जा रहा है। इसके अलावा वे सभी व्यक्ति जो 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, उनसे भी भावी मतदाताओं के रूप में फार्म 6 भराने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके उपरांत 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता इसीआईनेट एप डाउनलोड कर अथवा वोटर पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पोर्टल पर नीव वोटर रजिस्ट्रेशन टैब के माध्यम से फॉर्म–6 एवं घोषणा पत्र भरने की सुविधा उपलब्ध है।

# समर्थ महिला जागृति समिति का सराहनीय प्रयास



**पेंड्रा।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए समर्थ महिला जागृति समिति पेंड्रा की ओर से वर्ष के अंतिम दिन मरवाही विखं के आदिवासी अंचल स्थित माध्यमिक शाला मगुरदा के बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। समिति के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को स्वेटर एवं बिस्किट वितरित किए। साथ ही अपने हाथों से बच्चों को स्वेटर पहनाकर आत्मीयता का परिचय दिया। समिति की सचिव मीना शर्मा ने बच्चों एवं अन्य उपस्थितजनों को बालक-बालिका शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। समिति की अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, समर्थ महिला जागृति समिति आगे भी समाजसेवा एवं जनजागरूकता के कार्य निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम में ग्राम मगुरदा के उपसरपंच गंगाराम पोर्ते, एसएमसी सदस्य उदल सिंह पाव, स्व सहायता समूह सदस्य गणेश कुमार पूरी, पालक गुलाब सिंह खुसरो, शाला प्रभारी प्रधान पाठक भीमसेन प्रधान तथा शिक्षिका अर्चना सामुएल मसीह की उपस्थिति रही। साथ ही समर्थ महिला जागृति समिति की ओर से अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, सचिव मीना शर्मा, कोषाध्यक्ष शिल्पा जैन, संरक्षिका सत्यभामा गोयल सहित रेखा राजपूत, निशा पांडे, स्वप्निल सिंह पवार, नीलम गुप्ता, विद्या राठौर, रूपा पोद्दार, रचना जायसवाल, शिवानी जालान, कविता थदलानी, बीनू जैन, गुलाब द्विवेदी एवं ज्योति शुक्ला उपस्थित रही।

# आयुक्त ने की आवास योजना, मनरेगा के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जनमन अंतर्गत आवास, तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त मनरेगा एवं संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तारन प्रकाश सिन्हा ने की। बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय मौजूद रहे।

बैठक के दौरान आयुक्त सह संचालक श्री सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि आवास योजना के हितग्राहियों को कम दर पर रेत, सीमेंट, गिट्टी, शटरिंग प्लेट जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था डीलर दीदियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए, जिससे स्व-सहायता समूहों को आजीविका से जोड़ा जा सके, और उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। श्री सिन्हा ने कहा कि, निर्माण कार्यों में अनियमितता अथवा शिकायत प्राप्त होने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आवास योजना के हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुर्गी पालन, मछली पालन, कूप निर्माण, डबरी निर्माण जैसे हितग्राही मूलक कार्यों को मांग अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत स्वीकृत किया जाए।साथ ही उन्होंने वनांचल क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को जनमन आवास योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि, हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जाए कि, वे स्वयं अपना पक्का मकान बनाएं, इसके लिए मैदानी कर्मचारियों द्वारा नियमित क्षेत्र भ्रमण कर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सभी विकासखंडों के जिला समन्वयकों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करने की बात दोहराई। साथ ही हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ते हुए अपने पक्के आवासों की छतों पर सोलर पैनल स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि, जिले के सभी अमृत सरोवरों में आजीविका आधारित कार्य प्रारंभ किए जाएं।



समीक्षा बैठक में शामिल आयुक्त एवं अधिकारी।

## पीएम आवास 2.0 के तहत 23 नागरिकों को मिला आवास



**पथरिया।** नगर में पिछले एक साल से आवास की प्रतीक्षा कर रहे नगरवासियों को अब आवास मिलना प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव के हाथों 23 हितग्राहियों को आवास का कार्य आदेश प्रदान किया गया, वहीं लगभग 85 हितग्राहियों नए साल में आवास की सौगात देने की तैयारी नगर पंचायत प्रशासन की ओर से की जा रही है। 23 हितग्राहियों को कार्यादेश वितरित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि, केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार जरूरतमंद नागरिकों को पक्का मकान देने में आ रही अड़चनों को दूर कर लोगों को अधिक लोगों को आवास का लाभ दिलाने का रास्ता साफ किया है। उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने आवास के लाभार्थियों से कहा कि, भाजपा सरकार के द्वारा नगरवासियों को नए साल के कुछ दिन पूर्व ही आवास लाभ देना नागरिको को नववर्ष की भेंट की तरह है। विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने कहा कि, विधायक धरमलाल कौशिक ने नगरवासियों से चुनाव पूर्व आवास का वादा किया था, जिसे पूरा किया जा रहा है।